वर्ष- 22 अंक - 110 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 03 अक्टूबर 2026

# प्लेन को इजराइल में क्रैश कराना चाहता था

## भारतीय पायलट पर हमले का आरोपी अलकायदा से था प्रभावित, ओमान एयर ने फ्लाइट से हटाया था



अल हमामी  स्मित मच्छार

शनिवार ● एजेंसी

दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट में भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार पर हमला करने वाले को-पायलट की पहचान हमाम अल हमामी के तौर पर हुई है। वह ओमान का रहने वाला है। वह लंबे समय तक सीरिया में रहा था, जहां उसके कट्टरपंथी विचारों से प्रभावित होने की बात सामने आई है। जांचकर्ताओं को उसके अलकायदा की विचारधारा से प्रभावित होने के सबूत मिले हैं। पूछताछ में अल हमामी ने बताया कि वह विमान को इजराइल में क्रैश कराना चाहता था। 2024 में उसे ओमान की नेशनल एयरलाइन में पायलट ट्रेनिंग से हटा दिया गया था। इसके बाद उसे एयरलाइन में दूसरी जिम्मेदारी दी गई। करीब 8 महीने पहले वह फ्लाईदुबई से जुड़ा था। आरोपी के सामान से फिलिस्तीन समर्थक सामग्री भी मिली है।

### सलमान ने किया सलाम

फ्लाई दुबई की फ्लाइट में को-पायलट के हमले के दौरान पायलट स्मित मच्छार ने घायल होने के बावजूद यात्रियों और क्रू को बचाया। इस बहादुरी से लगभग 170-174 लोगों की जान बची। बॉलीवुड सितारे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी सराहना की। सलमान खान ने सोशल मीडिया पर उन्हें हीरो बताया और उनके साहस को सलाम किया।



कुमकम  प्रणवी

## 17 वर्षीय कुमकुम ने दिलाया 17वां गोल्ड

### गोल्फ में भी सोना-चांदी मिले

**शनिवार.एजेंसी।** 17 साल की तीरंदाज कुमकुम मोहोद ने आज एशियन गेम्स में भारत को गोल्ड मेडल दिलाया। वे महिलाओं की रिकर्व इंडिविजुअल्स कैटेगरी में गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी हैं। कुमकुम के गोल्ड से एशियाड में भारत के 17 गोल्ड हो गए। इसके बाद भारत की प्रणवी ने गोल्फ में स्वर्ण पदक जीता और भारत को रजत पदक भी मिला जिसके कारण भारत के 18 गोल्ड सहित 79 पदक हो गए। कुमकुम के पिता अमरावती में मिठाई के डिब्बे बनाने का काम करते है। भारत ने एशियन गेम्स के इतिहास में अब तक 201 गोल्ड जीते हैं।

## नाइट क्लब में महिला को कपड़े उतारकर पीटा

**गुवाहाटी.एजेंसी।** असम के गुवाहाटी के खानापारा इलाके के एक नाइटक्लब में बाउंसरों ने महिला को कपड़े उतारकर पीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें महिला पार्किंग एरिया में फर्श पर बिना कपड़ों के दिखाई देती है। दो महिलाएं उसे लात मारती नजर आती हैं, जबकि कई पुरुष आसपास खड़े हैं। पुलिस ने क्लब मैनेजर को हिरासत में लिया है।

## हेलिकॉप्टर गिरा रहा था राहत पैकेट, बुजुर्ग की मौत दूसरी छत पर जा गिरी

**सारण.एजेंसी।** बिहार के सारण जिले में इन दिनों बाढ़ जिंदगी को तबाह किए हुए है। यहां पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर से सूखे राशन के पैकेट गिराए जा रहे थे। इसी दौरान एक पैकेट गांव के बुजुर्ग के ऊपर जा गिरा, जिससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं एक महिला हेलिकॉप्टर की तेज हवा में बैलेंस खोकर पड़ोस की छत पर जा गिरी।

## आधा मध्यप्रदेश सूखा 5 साल में सबसे कम बारिश

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के आधे हिस्से में सूखे जैसे हालात हैं। 55 में से 30 जिलों में सामान्य बारिश का कोटा पूरा नहीं हुआ है। इनमें भी 11 जिले ऐसे हैं, जहां 80प्रतिशत से कम पानी गिरा। आलीराजपुर में तो आधी बारिश भी नहीं हुई। पश्चिमी हिस्से, यानी इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल संभाग में 12 प्रश तक कम पानी गिरा। इस सूखे के कारण गेहूं, सोयाबीन की फसल को भारी नुकसान हो सकता है।

## अमेरिका में मंदिर पर हमला

**शनिवार.एजेंसी।** अमेरिका के ओहायो में एक हिन्दू मंदिर पर हमला किया गया। यहां स्थित श्री स्वामीनारायण वड़ताल धाम हिन्दू मंदिर पर ईंटें फेंकी गईं जिससे मंदिर को काफी नुकसान हुआ। मंदिर की खिड़कियां और दरवाजे टूट गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## हिन्दुस्तान का कमाल, सबसे ऊंचे ब्रिज पर 100 किमी की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

**जम्मू.एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में 1178 फीट की ऊंचाई पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज पर वंदे भारत एक्सप्रेस



100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी। ट्रायल के बाद 111 किलोमीटर लंबे वैष्णो देवी कटरा-बनिहाल सेक्शन पर अधिकतम ट्रेन की स्पीड को 75 किमी/घंटा से बढ़ाकर 100 किमी/घंटा कर दिया गया है। बता दें कि चिनाब ब्रिज कई ऊंचाई 359 मीटर है। यह फ्रांस के एफिल टावर से 35 मीटर ऊंचा है। एफिल टावर की ऊंचाई 330 मीटर है।

## उप्र में 100 भाजपा विधायकों के टिकट कटेंगे

**लखनऊ.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश में बीजेपी के कम से कम 100 ऐसे विधायक हैं जो जमीनी स्तर पर एंटी-इनकंबेंसी का सामना कर रहे हैं। इनमें से कई विधायकों का अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में टिकट काटा जा सकता है। उप्र में बीजेपी की लीडरशिप वाली सरकार के कराए गए इंटरनल सर्वे में इस बात की जानकारी मिली है।

## होर्मुज में जहाज पर हमला, 5 भारतीय बाल-बाल बचे

होर्मुज ● एजेंसी

होर्मुज स्ट्रेट में एक जहाज पर मिसाइल हमला हुआ। इस जहाज में 5 भारतीय सवार थे। पांचों भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। ये नाविक कुवैत के झंडे वाले टैंकर एमटी काजिमाह तृतीय पर सवार थे। यह कच्चे तेल से भरा था और अफ्रीका की ओर जा रहा था। फरवरी से अब तक होर्मुज में हमलो में 100 से ज्यादा भारतीय नाविक प्रभावित हो चुके हैं। वहीं, इन हमलों में 11 भारतीय नाविकों की जान गई।

### सऊदी में 40 हजार पाकिस्तानी सैनिक तैनात

सऊदी अरब ने हूतियों पर हमले की तैयारी शुरू कर दी है। सऊदी अपने लोगों को इस जंग में नहीं भेजेगा। इस ऑपरेशन में यमन की एक लाख से ज्यादा सैनिकों वाली सेना को मैदान में उतारा जा सकता है। पाकिस्तान ने भी हूतियों पर हमला करने के लिए 40 हजार सैनिक तैनात किए हैं।

## बदनावर में ट्राले की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी और बेटी की मौत, दूसरी बेटी घायल

**धार.एजेंसी।** बदनावर में लेबड़-नयागांव फोरलेन पर बड़ी चौपाटी से कुछ दूरी पर पिटगारा तिराहे पर आज सुबह करीब 7 बजे तेज रफ्तार ट्राला ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी और उनकी 14 वर्षीय बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 वर्षीय दूसरी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर के बाद ट्राला बाइक को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। इसके बाद बाइक ट्राले से अलग हुई और ट्राले का ड्राइवर वाहन लेकर मौके से भाग निकला।

## सब्जी मंडी में आई 4 फीट लंबी लौकी

**धौलपुर.एजेंसी।** धौलपुर जिले के सरमथुरा की सब्जी मंडी में चार फीट लंबी लौकी लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गई। सब्जी विक्रेता मदन मोहन कुशवाह इसे अपने खेत से बेचने के लिए मंडी लेकर पहुंचे थे। इतनी लंबी लौकी देखकर ग्राहक और दूसरे विक्रेता हैरान रह गए। कई लोगों ने इसके साथ सेल्फी ली और फोटो-वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड किए।



### मप्र में 103 पंचायत पदों की मतगणना शुरू

**आगर मालवा.एजेंसी।** मध्य प्रदेश में पंचायत उपचुनाव के लिए आज 103 पदों पर हुए मतदान की मतगणना हो रही है। आगर-मालवा के सुसनेर में नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए भी काउंटिंग जारी है। कुल 104 पदों के लिए 29 सितंबर को मतदान हुआ था।


समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश
किसान कल्याण वर्ष 2026
सहकार से समृद्धि
साँची Sanchi
गौपालक सम्मेलन
मुख्य अतिथि
अमित शाह
केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
भूमिपूजन
₹255 करोड़ का डेयरी प्लांट, उज्जैन
लोकार्पण
फर्मेंटेड मिल्क प्रोडक्ट प्लांट एवं
राज्यस्तरीय केन्द्रीय गुणवत्ता लैब, भोपाल
मिनी डेयरी संयंत्र, शिवपुरी
हितलाभ वितरण
दुग्ध संघ के पशुपालकों को बोनस
गौशालाओं को सहायता
कामधेनु योजना स्वीकृति पत्र वितरण
सम्मान
गौपालक दीदियों का
3 अक्टूबर 2026
बीएचईएल, दशहरा मैदान, भोपाल
मिल्क कैपिटल बनेगा मध्यप्रदेश
9% से 20%
देश के कुल दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य
10 लाख से 50 लाख लीटर प्रतिदिन
अगले 5 वर्षों में दुग्ध संकलन करने का लक्ष्य
₹2,973 करोड़ की
दुग्ध उत्पादन और डेयरी क्षेत्र के विकास के लिए योजनाओं को मंजूरी
26,000 गांवों में
दुग्ध सहकारी समितियों के नेटवर्क के विस्तार का लक्ष्य
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11132/26

# कांग्रेस की सहप्रभारी उषा नायडू कल लेंगी बैठक

## 4 घंटे में तीन बैठक गांधी भवन में बुलाई

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम में कई ब्लॉक अध्यक्ष कार्यक्रम में नहीं पहुंच पाए थे और राहुल गांधी से भी नहीं मिल पाए थे। इस कारण उनकी नाराजगी थी और कुछ दिनों के अंतराल से करीब डेढ़ दर्जन ब्लॉक अध्यक्षों ने जंजीरवाला चौराहा पर बैठक आयोजित कर सीधा मोर्चा प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी उषा नायडू के खिलाफ खोला था। उस बैठक के दौरान उषा नायडू का वीडियो कॉल भी ब्लॉक अध्यक्षों के पास पहुंचा था और उसी दिन वीडियो कॉन्फ्रेंस पर बैठक भी आयोजित ब्लॉक अध्यक्षों की होना थी जो नहीं हुई। उस दिन नायडू ने कहा था कि मैं जल्द इंदौर आकर आपकी बात सुनूंगी। उस घटना के बाद उषा नायडू कल रविवार को इंदौर आकर चार घंटे में तीन बैठक ब्लॉक-वार्ड अध्यक्ष और प्रभारी की दोपहर एक बजे से और फिर दोपहर 3 बजे शहर कांग्रेस पदाधिकारी विशेष आमंत्रित सदस्य, कार्यकारिणी को एवं रविवार शाम को 4 बजे समन्वय समिति की बैठक बुलाई गई है जो 5 बजे के बाद तक चलेगी। इस बैठक की जानकारी गांधी भवन से देना शुरू कर दी गई। इस पर कांग्रेसियों की प्रतिक्रिया भी आना शुरू हो गई है। कुछ का कहना है कि ब्लॉक अध्यक्ष की बैठक अलग होना चाहिए, जबकि ब्लॉक अध्यक्ष के साथ मंडलम अध्यक्ष और वार्ड प्रभारियों की बैठक बुलाई है जो गलत है। कुछ का कहना रहा कि रविवार को बैठक नहीं होना चाहिए तो कुछ कांग्रेसियों ने कहा कि श्राद्ध पक्ष चल रहा है और किसी न किसी के यहां श्राद्ध रहता है और अगर कोई श्राद्ध के कारण नहीं आया तो ब्लॉक अध्यक्षों की गत जंजीरवाला बैठक से इस मीटिंग से जोड़ दिया जाएगा। तो कुछ कांग्रेसी बोले कि हम राहुल गांधी की छात्रों की गूंज कार्यक्रम में लगातार छात्रों से संवाद, छात्रों से मिलने और उनका रजिस्ट्रेशन में लगे थे। वहीं उसके बाद वोट चोर गद्दी छोड़ मुद्दे में कांग्रेसी लग गए थे और अभी सारे मुद्दे खत्म हो चुके हैं। किस बात के लिए बैठक बुलाई जा रही है। वह भी श्राद्ध पक्ष और रविवार को बुलाई जा रही है। कुछ बोले कि नगर निगम चुनाव में अभी 10 माह की देरी है, इसलिए अभी बैठक का ही कोई संगठनात्मक तुक नहीं है। जो भी हो अभी तो कल उषा नायडू की मौजूदगी में शहर कांग्रेस ने तीन बैठकें मैराथन लगातार दोपहर से शाम तक के लिए बुलाई है। देखना होगा कि कितने पदाधिकारी पहुंचते हैं। कुछ यह भी बोले कि राहुल गांधी के कार्यक्रम छात्रों की गूंज को 13 दिन हुए हैं तो वोट चोर गद्दी छोड़ को अभी दो ही दिन हुए हैं, इसलिए बैठकों से राहत मिलना चाहिए। कुछ बोले कि क्या ब्लॉक अध्यक्ष के विद्रोह पर राजनीतिक मरहम लगाने के लिए बैठक हो रही है। इसके पहले शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे बोल चुके हैं कि प्रदेश कांग्रेस की सहप्रभारी को इंदौर में 15 दिन रहकर संगठन मजबूत करने में सहयोग देना चाहिए।



## पार्षद शर्मा ने चलाया सेवा संकल्प अभियान

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विधानसभा चार के वार्ड 82 में आंगन मिलन सेवा का कार्यक्रम पार्षद नितिन शर्मा शानू की मौजूदगी में किया गया। बच्चों और हितग्राहियों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। पौधारोपण भी किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सुपरवाइजर मैडम का सम्मान किया गया एवं विभागीय योजना का हितग्राहियों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। अनिता त्रिवेदी, रानी परमार, संगीता शर्मा, अनिता नागर सहित आंगनवाडी कार्यकर्ता और सहायक मौजूद रहे। पार्षद पूरे समय सेवा संकल्प अभियान में जुटे रहे।

## भाजपाइयों ने कराई नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष की जनसेवा और सुशासन को लेकर भाजपा द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राजवाड़ा पर सेवा स्मरण कार्यक्रम के तहत भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला की उपस्थिति में संगीतमय नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 25 साल बेमिसाल 25 साल लाजवाब की जानकारी आमजन को दी गयी। जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को स्मरण करवाने के लिए संगीतमय नाट्य कार्यक्रम विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान भूपेन्द्रसिंह केशरी, नितिन शर्मा, कंचन गिदवानी, सचिन बंसल, वरुण पाल, कमल आहूजा, चंद्रराव शिंदे, रितेश शर्मा, सुखविंदर मन्नी भाटिया, विशाल गिदवानी, दीपेश पचोरी, गोविंद पंवार, सौरभ खंडेलवाल, दिनेश वर्मा, नितेश खांडेकर, राजीव जैन, रजनीश वर्मा, अरुण पेंढारकर, शिवानी अडसपुरकर, बंटी वर्मा, आशीष शर्मा, पवन पंवार, दीपक बागवान सहित अन्य उपस्थित थें।

# उमंग सिंघार का गजेंद्र वर्मा ने भीड़ के साथ किया स्वागत

## कई कांग्रेसी जानना चाह रहे हैं नया समीकरण क्या है

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कल मीडिया से चर्चा की थी और उसके बाद वे बिजासन रोड सीताश्री बिल्डिंग स्थित कांग्रेस नेता गजेंद्र वर्मा के निवास पर पहुंचे थे। वर्मा को कमलनाथ समर्थक माना जाता है। ऐसे में गजेंद्र वर्मा के यहां उमंग सिंघार का पहुंचना और वर्मा द्वारा अपने निवास तक सिंघार को ले जाने के लिए सैकड़ों साथियों से स्वागत करवाया। ढोल ढमाके के साथ अगवानी करना जैसे आयोजन के बाद अब कांग्रेसी नया समीकरण का परिणाम जानने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिरकार कमलनाथ समर्थक गजेंद्र वर्मा ने इतनी राजनीतिक ताकत साथियों के साथ उमंग सिंघार के स्वागत के लिए क्यों लगाई। स्वागत के बाद उमंग सिंघार करीब एक घंटा गजेंद्र वर्मा के यहां रुके और पुत्र गौरव और आदर्श वर्मा से भी चर्चा की। इंदौर की राजनीति को लेकर भी सिंघार और वर्मा के बीच चर्चा हुई। स्वागत के दौरान गजेंद्र वर्मा, बृजभूषण नाथ, भूपेश यादव, अभय जैन, सूर्यनारायण यादव, मनोज सौदे, महफूज खान, रमेश प्रजापति, मुन्ना प्रजापति, गोपाल भावसार, कैलाश शर्मा, यतिन्द्र वर्मा, अमित तिवारी, यशपाल गहलोत, विजय सोलंकी, रूपचंद प्रजापति, अश्विन जोशी, मुकेश यादव, अजय सीतलानी, राजा कश्यप, जुगल कश्यप, राजेश यादव, रोहन वर्मा, ओपी यादव, आशीष राठौर, दर्शन प्रजापति, अजय महेश्वरी, इरफान मंसूरी, प्रकाश प्रजापत, जितेंद्र वर्मा, गोपेश वर्मा उपस्थित थे।

## विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने जैन संतों से लिया आशीर्वाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मीडिया से चर्चा के बाद कल बिजासन रोड का रुख पकडा था। पहले वे कांग्रेस नेता गजेन्द्र वर्मा निवास के पहुंचे थे जहां उनका भीड के साथ स्वागत किया गया था। इसके बाद उमंग सिंघार के साथ शहर कांग्रेस के संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल साथ हुए और उन्होने आयोजन नरसिंह वाटिका में साध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. का सान्निध्य दिलवाया और संत से आशीर्वाद भी लिया। बताया गया कि साध्वी और नेता प्रतिपक्ष के बीच कुछ देर एकांत में भी चर्चा हुई। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर पहुंचे और वहां मुनि पुंगव सुधासागर म.सा. को श्रीपल भेट कर उनसे आशीर्वाद भी लिया। सिंघार ने मुनि के चरण भी धोये। संत ने कहा कि तुम काफी आगे राजनीति में जाओगे। इस दौरान अनुरोध जैन, आनंद कासलीवाल संजय बाकलीवाल सुनील गोधा मौजूद थे। साथ ही राजेश जैन दद्दू, आनंद गोधा धर्मेन्द्र जैन ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## भाजपा कल लगाएंगी 76 स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सेवा सेतु अभियान 'सरकार आपके द्वार' के तहत कल 4 अक्टूबर को इंदौर संसदीय क्षेत्र में 76 स्थानों पर मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों की अनुरुप सेवा भी आम लोगों को बताई जाएगी। वार्ड में रहने वाले लोगों को शिविरों के माध्यम से नागरिकों को उनके नजदीकी क्षेत्र में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि शिविरों में स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नागरिकों को प्रदान किया जाएगा। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि वार्ड स्तर पर आयोजित होने वाले इन स्वास्थ्य शिविरों से बड़ी संख्या में नागरिकों को अपने क्षेत्र में ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

राजनीतिक खबरें देखें पेज 5 पर भी

# स्वच्छता के लिए जनता को जागरूक करने पर खर्च करेंगे 24 करोड़

## शहर के हर क्षेत्र में आयोजित किए जाएंगे जनजागरूकता कार्यक्रम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा स्वच्छता के लिए जनता को जागरूक करने के काम पर 24 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अंतर्गत शहर के हर क्षेत्र में जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**

स्वच्छता में लगातार नंबर एक पर आने के साथ इंदौर की पहचान अब यहां की स्वच्छता बन गई है। हाल ही में केंद्र सरकार के द्वारा देश के 50 शहरों का चयन आदर्श शहर के रूप में विकसित करने के लिए किया गया है। इस चयन का केंद्र बिंदु भी स्वच्छता ही रहा है। इसमें केंद्र सरकार के द्वारा मध्य प्रदेश से इंदौर,भोपाल और जबलपुर को चयनित किया गया है। इन शहरों में अब स्वच्छता के अगले कदम के लिए बड़ा काम केंद्र सरकार की देखरेख में किया जाना है। स्वच्छता के लिए जो भी काम किया जाएगा तो उस काम में जनता की सहभागिता आवश्यक होती है।

इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए इंदौर नगर निगम के द्वारा स्वच्छता के लिए जनता की सहभागिता को सुनिश्चित करने के काम पर 24 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। यह राशि नगर निगम के द्वारा स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से खर्च की जाएगी। इन संगठनों को इन पैनल करने का काम शुरू किया जा रहा है। पहले भी अलग-अलग संगठन इस तरह का काम करते रहे हैं। अब इन संगठनों के साथ किए गए करार की अवधि पूर्ण होने के कारण नगर निगम के द्वारा नए सिरे से संगठनों को सूचीबद्ध करने और उनके साथ एग्रीमेंट करने का काम शुरू किया जा रहा है। इसके लिए निगम के द्वारा जो कार्य योजना तैयार की गई है उसमें यह स्पष्ट किया गया है कि इन संगठनों के माध्यम से जन जागरूकता के कार्यक्रमों के आयोजन पर 24 करोड रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

इस खर्च की जाने वाली राशि में कार्यक्रम आयोजन की व्यवस्था का खर्च और स्वयं से भी संगठन के द्वारा की जाने वाली तैयारी में होने वाला खर्च भी शामिल रहेगा। इसके साथ ही उक्त संगठन को दी जाने वाली राशि भी शामिल रहेगी। इस राशि से ही संगठन के द्वारा अपने कर्मचारियों को वेतन दिया जाता है। ध्यान रहे कि उज्जैन, जबलपुर और भोपाल नगर निगम के द्वारा इस तरह की गतिविधि के संचालन के लिए संगठनों को जोड़ने का काम कर लिया गया है। अब इंदौर में भी इस काम को करने के लिए शुरुआत हो गई है।

### आत्मनिर्भर बनाना है

केंद्र सरकार के द्वारा यह लक्ष्य रखा गया है कि स्वच्छता के क्षेत्र में शहरों को आत्मनिर्भर बनाना है। इससे मतलब यह है कि इन शहरों के द्वारा स्वच्छता के काम पर जितनी राशि खर्च क़ी जाती है उतनी राशि उन्हें कचरे का विक्रय करने से ही मिल जाना चाहिए। यह विक्रय कचरे का न होकर कचरे से निर्मित सामान का होता है। जिस तरह इंदौर नगर निगम के द्वारा कचरे से गैस और खाद का निर्माण किया जाता है। इस तरह के कार्य सभी नगर निगम में किया जाना चाहिए।

# पांच अस्पतालों का पानी दूषित निकला

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** नगर निगम के द्वारा कराई गई जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इस जांच में इंदौर के पांच प्रमुख सरकारी अस्पतालों के पानी के नमूने फेल पाए गए हैं। इस पानी में शरीर के लिए नुकसानदायक बैक्टीरिया मिला हुआ निकला है। भागीरथपुरा में हुए जल हादसे के बाद से इंदौर नगर निगम के द्वारा समय-समय पर अलग-अलग क्षेत्र के पानी के नमूने लेकर उसकी अपनी प्रयोगशाला में जांच करवाई जाती है। इस कड़ी में नगर निगम के द्वारा पिछले दिनों महाराजा यशवंत राव अस्पताल, चाचा नेहरू अस्पताल, जिला अस्पताल, पीसी सेठी अस्पताल और मेंटल अस्पताल के पानी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए थे। इन नमूने की जांच रिपोर्ट अब सामने आ गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार इन अस्पताल में मरीज और उनके परिजनों के द्वारा उपयोग किया जा रहा पानी पीने के लायक नहीं पाया गया है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट में इस पानी में बैक्टीरिया पाया गया है, जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि पीने के पानी की लाइन में ड्रेनेज की लाइन मिल गई है जिसके कारण इस लाइन में मल और मूत्र का पानी आ रहा है। इन सभी अस्पतालों में पीने के पानी के लिए बोरिंग के पानी का उपयोग किया जाता है। महाराजा यशवंत राव अस्पताल में बोरिंग के पानी के साथ नर्मदा के पानी का भी उपयोग किया जाता है। लेकिन यहां पर इन दोनों पानी को मिक्स करते हुए टंकी में भरा जाता है। जिसके कारण नर्मदा का पानी भी अशुद्ध और गंदा हो जाता है। इस जांच रिपोर्ट के सामने आने के बाद नगर निगम के द्वारा एमजीएम मेडिकल कॉलेज के लिए और जिला कलेक्टर के पास रिपोर्ट आगे की कार्रवाई के लिए भेज दी गई है। इसके साथ निगम की ओर से इन सभी अस्पताल की अधीक्षक को इस रिपोर्ट की सूचना देते हुए बोरिंग के पानी का किसी भी हालत में किसी भी तरह से कोई उपयोग नहीं करने की चेतावनी भी दी गई है। अभी नगर निगम के द्वारा इन अस्पतालों के बोरिंग को सील करने की कार्रवाई नहीं की गई है। इस बारे में पूछे जाने पर निगम के अधिकारियों का कहना है कि आने वाले समय में यदि बोरिंग के पानी का उपयोग बंद नहीं किया जाता है तो निगम कदम भी उठा सकता है।

# एमओजी लाइन में 25 से ज्यादा पेड़ काटने का विरोध

***कहा-निगम सार्वजनिक करें कार्रवाई की प्रक्रिया जिन पेड़ों को ट्रांसफर करना था वह कैसे काटे गए वह भी बताए***



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पर्यावरण प्रेमी मंच से जुड़े एवं एमओजी लाइंस के रहवासी प्रकाश सोनी, महेश सेंगर, शरद यादव और अमित शिंदे तथा पर्यावरण प्रेमी मंच के अजय लागू, चंद्रशेखर गवली, संदीप खानवलकर ने कहा कि एमओजी लाइन की हरियाली पर वार करते हुए 25 से ज्यादा पेड़ काटे गए, इन पेड़ काटने से निगम की अनुमति सवालों में घिरी है। पर्यावरण प्रेमियों एवं रहवासियों ने विरोध भी किया और यह भी कहा कि शहर में हरियाली बढ़ाने और पुराने पेड़ों को बचाने के प्रयासों के बीच एमओजी लाइंस क्षेत्र में 25 से अधिक हरे-भरे पेड़ों की कटाई ने एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। पर्यावरण प्रेमी मंच के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर पेड़ कटाई का विरोध किया और नगर निगम से कार्रवाई की पूरी प्रक्रिया सार्वजनिक करने की मांग की। पर्यावरण प्रेमियों के अनुसार, विरोध के दौरान नगर निगम के उद्यान विभाग के अधिकारियों ने पेड़ काटने की अनुमति का पत्र दिखाया। मौके पर काटे गए पेड़ों की लकड़ी को नगर निगम के स्टोर में भेजते हुए भी देखा गया। मंच का आरोप है कि इनमें कुछ ऐसे पेड़ भी शामिल थे, जिन्हें स्थानांतरित किया जाना था, लेकिन उन्हें प्रत्यारोपित करने के बजाय ऊपर से काट दिया गया। खास बात यह है कि कथित तौर पर मौके पर किसी विशेषज्ञ की मौजूदगी भी नहीं थी। सभी ने प्रश्न उठाया कि प्रत्यारोपण वाले पेड क्यों काटे गए और यह अनुमति किस स्तर और किस प्रक्रिया के अन्तर्गत दी गई यह भी स्पष्ट होना चाहिए। मंच के अनुसार इतनी संख्या में पेड़ों की कटाई की अनुमति हाई पावर कमेटी के स्तर से



संबंधित है। ऐसे में अनुमति की प्रति, पेड़ों की संख्या, प्रजातिवार विवरण और कटाई के कारणों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। मंच के सदस्यों के अनुसार, उद्यान विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर यह भी कहा कि वे स्वयं पेड़ काटना नहीं चाहते, लेकिन ऊपर से मिले आदेशों का पालन करना उनकी जिम्मेदारी है। पर्यावरण प्रेमियों का सवाल है कि जब शहर में हरियाली बचाने के लिए लगातार अभियान चल रहे हैं, तब इतने पेड़ों को काटने की कार्रवाई रहवासियों को पहले से जानकारी दिए बिना क्यों की गई?

# सारे शहर की लिफ्ट की जांच कराएगा निगम

**जो लिफ्ट असुरक्षित होगी उसका काट देंगे बिजली कनेक्शन**

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नगर निगम के द्वारा सारे शहर की इमारत में लगी हुई लिफ्ट की जांच कराई जाएगी। जो लिफ्ट असुरक्षित स्थिति में होगी उसका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा और उसे सील कर दिया जाएगा।

शहर के विभिन्न आवासीय और व्यावसायिक भवनों में लिफ्ट लगी हुई है। नागरिकों को आने-जाने में सुविधा देने के लिए यह लिफ्ट लगाई गई है। ज्यादा ऊंचाई वाली इमारत में चढ़ाव चढ़ने में नागरिकों को दिक्कत आती है। ऐसे में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिफ्ट या एसकेलेटर लगाए गए हैं। कई बार यह देखने में आता है कि लिफ्ट की हालत खराब है। बहुत समय से इसका मेंटेनेंस नहीं किया गया है ऐसे में चलते हुए लिफ्ट रुक जाती है कहीं भी अटक जाती है। ऐसी स्थिति में लिफ्ट में सवार नागरिकों की जान संकट में पड़ जाती है।

लिफ्ट के इस तरह रुक जाने से कई बार हादसा होने की स्थिति बन जाती है। बराबर मेंटेनेंस नहीं किए जाने के कारण कई मौके पर लिफ्ट गिर भी जाती है जिसके कारण लोगों की मौत हो जाती है या गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इस स्थिति को दूर करने के लिए अब नगर निगम के द्वारा मैदान संभाल लिया गया है। निगम की ओर से सार्वजनिक सूचना जारी करते हुए लोगों से कहा गया है कि अपनी अपनी इमारत की लिफ्ट की जांच करवा लें तथा लिफ्ट इंजीनियर से लिफ्ट के सुरक्षित होने और उसका बराबर मेंटेनेंस होने का प्रमाण पत्र प्राप्त कर नगर निगम में जमा करवाएं।

निगम अधिकारियों का कहना है कि यदि किसी भी भवन में लिफ्ट का बराबर मेंटेनेंस नहीं किया जा रहा है तो ऐसे में यह लिफ्ट नागरिकों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। ऐसी स्थिति में जनता के हित में लिफ्ट के उपयोग को रोकना आवश्यक है। निगम द्वारा यह नियम बनाया गया है कि लिस्ट के इंजीनियर से लिफ्ट का परीक्षण करवाइए और इंजीनियर की रिपोर्ट को तैयार करवाकर नगर निगम में जमा करवाइए। अब नगर निगम द्वारा अपने इंजीनियरों के माध्यम से अलग-अलग भवन में जाकर लिफ्ट की जांच करने का अभियान भी शुरू किया जा रहा है। यदि जांच के दौरान लिफ्ट इंजीनियर की रिपोर्ट नहीं मिलती है तो लिफ्ट की बिजली काटकर उसे सील कर दिया जाएगा।

# संयुक्त किसान मोर्चा का सम्मेलन



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** संयुक्त किसान मोर्चा का मध्य प्रदेश राज्य सम्मेलन इंदौर में संपन्न हुआ। प्रदेश के करीब 30 जिलों से किसान संगठनों के साढ़े 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। सम्मेलन में किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा कई प्रस्ताव पारित किए गए। सम्मेलन में 9 अक्टूबर को पूरे मध्य प्रदेश में गांव-गांव एमएसपी गारंटी कानून लागू करने की मांग को लेकर पुतला दहन करने का निर्णय लिया गया। किसान संगठनों ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी और कानूनी रूप से सुनिश्चित मूल्य दिलाने के लिए आंदोलन को प्रदेश स्तर पर और व्यापक किया जाएगा।

## विधायक और भाजपाई पहुंचे आंगनवाडी



**इन्दौर।** 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत वार्ड 54 के शांति नगर सामुदायिक भवन आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम में विधायक महेंद्र हार्डिया के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल के नेतृत्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहनों का सम्मान किया गया। विधायक महेंद्र हार्डिया, पार्षद महेश बसवाल, कैलाश पिपले, नेहा शर्मा, उमेश मंगरोला, दिनेश रोकड़े,करण ऑटोदिया, मोहन राजपूत, मुकेश जारेवाल, रवि लोनखेड़े, अजय चौहान , निखिल चौहान ,संदीप चौहान जी ,नारायणी बरेठा,आशा मंत्री, सुनीता पालीवाल,रीना जोशी,नीतू वर्मा,गीतांजलि पिवाल, अंजू वर्मा, भगवती आलेनसे उपस्थित रहे।

# सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के धूमधड़ाका स्वागत से परेशान हुए यात्री

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास कल इंदौर विमानतल पर पहुंचे तो बहुत दिनों के बाद कांग्रेसियों ने राष्ट्रीय स्तर के नेता का स्वागत करने के लिए ढोल ढमाकों के साथ भीड़ जुटाई और जमकर धक्कामुक्की भरा स्वागत भी हुआ। जिस अनुशासन के लिए सेवादल को जाना जाता है, वह अनुशासन कल तारतार होता दिखाई दिया। सभी जानते हैं कि श्रीनिवास कुछ दिन पहले तक युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे और उनसे देश भर के युवा पदाधिकारी जुड़े हुए हैं इसलिए कल सेवादल के साथ युवा कांग्रेसी भी श्रीनिवास का सम्मान करने विमानतल पर पहुंच गए। सीनियर, जूनियर और अनुशासन के बीच स्वागत की परंपरा ऐसी हुई कि एक तरफ ढोल बजते रहे, दूसरी तरफ माला पहनाने की होड़ लग गई। जो माला नहीं पहना पा रहे थे वे दूर से माला फेंक रहे थे। अनुशासन वाला सेवादल कल स्वागत और ढोल ढमाकों के बीच तार तार होता नजर आया। अगर युवा कांग्रेसी बड़ी संख्या में नहीं पहुंचते तो सेवादल की भीड़ भी नजर नहीं आती। जो भी हो कल श्रीनिवास दिल्ली से रेगुलर फ्लाइट से इंदौर आए थे और मेन गेट पर ही सेवादल और युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भीड़ और ढोल ढमाकों के साथ कब्जा कर लिया था। जहां से यात्री निकलते हैं वहां कांग्रेसियों के कब्जे के कारण उनको निकलने में दिक्कत आई। कांग्रेसी श्रीनिवास जिंदाबाद के नारे भी लगा रहे थे। यात्री सामान लेकर बाहर निकलन में परेशानी महसूस कर रहे थें, बड़ी मुश्किल से यात्रियों ने अपना सामान जैसे तैसे बाहर निकालकर गर्मी में बाहर आए और अपने वाहन तक पहुंचे। सेवादल और युवक कांग्रेस दो खेमों में बंटे थे। इन दो खेमों में भी और खेमे शहर और जिले के थे। यहां एक और महत्वपूर्ण बात यह रही कि सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास पहले से कई युवा कांग्रेसियों से संपर्क में हैं और कई युवा नेताओं ने श्रीनिवास को अपनी गाड़ी में ले जाने के लिए पहले बात की थी और इसीलिए श्रीनिवास भी अलग अलग नेताओं को खुश करने के लिए विमानतल पर बैठने के बाद से रास्ते में गाड़ियां बदलते रहे। वे कभी किसी नेता की गाड़ी में तो कभी दूसरे नेता की गाड़ी में बैठे। कई युवा सेवादल पदाधिकारी बनने के लिए शक्ति प्रदर्शन करते रहे। सूत्रों का कहना है कि प्रारंभिक दौर में बैठने के दौरान भी एयरपोर्ट पर हंगामा खड़ा हुआ था। बाद में भी श्रीनिवास से रात तक मुलाकात कांग्रेसियों की होती रही। आज श्रीनिवास देवास सेवादल कार्यक्रम में शिरकत कर रहे है और देवास से आने के बाद सेवादल के कार्यक्रम में शिरकत कर आज दिल्ली के लिए निकलेंगे।

## सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत कांग्रेसियों ने किया





**इंदौर।** सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास कल दिल्ली फ्लाइट से इंदौर पहुंचे तो कांग्रेसियों ने अपने नेता का स्वागत किया। कई युवा कांग्रेसी और सेवादल के नेता भीड़ लेकर पद के बाद पहली बार इंदौर आए। श्रीनिवास का स्वागत करने पहुंचे। आज देवास में सदभावना मार्च हो रहा है और इंदौर गांधी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर में होगा और फिर शाम को दिल्ली फ्लाइट से दिल्ली निकल जाएंगे। विमानतल पर प्रताप नारायण मिश्रा,राजेश चौकसे, अमन बजाज, अवनीश भार्गव, मोतीसिंह पटेल, राधेश्याम पटेल, सुवेग राठी, मुकेश ठाकुर, अमित चौरसिया, अवधेश गर्ग, ज्ञानसिंह दरबार, दिनेश सलवाड़िया, सुभाष सिरसिया, पुनीत शर्मा, विश्वजीतसिंह चौहान, मनीष चौधरी, ज्ञानसिंह दरबार सहित अन्य मौजूद थे।

## गांधी जयंती पर हुए सत्याग्रह में पहुंचे कांग्रेसी




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कल गांधी जयंती पर गांधी प्रतिमा पर कांग्रेसी पहुंचे और उन्होंने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सेवादल ने सत्याग्रह का आयोजन कांग्रेसियों की मौजूदगी में किया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, सज्जनसिंह वर्मा, दिनेश सलवाड़िया, मुकेश ठाकुर, सुवेग राठी, अविनाश भार्गव, प्रतापनारायण मिश्रा, अमित चौरसिया, सदाशिव यादव, मोतीसिंह पटेल, दीपूसिंह चौहान, निहाल अहमद, गजानन तिवारी, अभिजीत पांडे, आंशु तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।



## विहिप की संस्कार शालाओं का प्रकट कार्यक्रम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व हिंदू परिषद की संस्कार शालाओं का प्रकट कार्यक्रम अशोक सिंघल जन्म शताब्दी वर्ष के निमित स्वामी प्रीतमदास सभागृह में किया गया। इंदौर एवं देवास में 65 संस्कार शालाओं का संचालन किया जा रहा है। गन्नी चौकसे, प्रिया मंगल, राजाराम, मुकेश जैन, मालासिंह ठाकुर, खगेन्द्र भार्गव, विनोद शर्मा, आरती जायसवाल, आशुतोष शेखावत, गिरधारीलाल कुमावत मौजूद थे।

## सांसद के साथ पूर्व विधायक और अन्य भाजपाई रहे मौजूद

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** बड़ा गणपति और मोदी जी की नसिया में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान भी चला और सांसद निधि से बोरिंग का कार्य भी हुआ। इस दौरान सांसद शंकर लालवानी, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, पार्षद संध्या यादव, पूर्व पार्षद जयदीप जैन, मनोज काला, विजय यादव, नागेंद्र चौहान कमल काला, पारस पांडे, अनिल सोनी, राजेश गंगवाल, रितेश पाटनी, सुनील गोधा, रितु पाटौदी सहित अन्य मौजूद थे।





## आम आदमी पार्टी ने किया माल्यार्पण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने दोनों की प्रतिमाओं पर पहुंचकर माल्यार्पण कर उनके आदर्श पर चलने का संकल्प लिया। डॉ. आई.एम. अब्बासी, संदीप शर्मा, शाकिर हुसैन, अजय सेंगर, संजय जैन,सनी गौड़, सी.पी. मित्तल, लक्ष्मी चौहान, राकेश उपलावड़िया, निशा अजय सेंगर, मो. कमाल खान मौजूद थे।

## महाविद्यालय पहुंचे कांग्रेसियों ने किया माल्यार्पण




इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

महात्मा गांधी की जन्म जयंती पर शहीद भागीरथ सिलावट महाविद्यालय पर स्थित बापू की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि की। अमर रहे के जयघोष भी लगाए। राजेश बड़वाया, मजीद खान,पार्षद जितेंद्र ठाकुर,मिथलेश जोशी, निराला बाबूलाल आमेरिया, पप्पू खान, मनोज भरानी, गोपाल मोदी, नरेश जोशी, मुन्नालाल वर्मा, आमीर खान, विकास कोशल, जगमोहन सोन, सतीश शेखावत, अभिषेक मरोलिया, डॉ प्रदीप दुबे, मयूर वर्मा, डागर,दिलीप खेर, वासुदेव परमार, महेंद्र मकवाना, मुकेश परछइयां,अशोक कौशिक,राकेश परमार आदि उपस्थित थे। इसी तरह अम्बेडकर नगरी महू शहर कांग्रेस ने गांधी प्रतिमा रेलवे स्टेशन पर माल्यार्पण किया। यहां भी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री अमर रहे के नारे गूंजे। अमित अग्रवाल, सत्यनारायण दाजी, हरिराम चौहान, राजेन्द्र सेन, रेवाशंकर चुरिहार, मुजीब कुरैशी, पुनीत शर्मा, ओम पटेल, महूगांव ब्लाक अध्यक्ष विरेन्द्र सकोरिया, रोहित परमार, आमीर कुरैशी, राजेश गोहर, मनमोहन कोशल, रविन्द्र जैन, ओमप्रकाश चौहान, अतुल जैन, लोरेंस सर, संतोष अग्रवाल सर, शोकत भाई, इरशाद कुरैशी, प्रियेश यादव, गौरव शर्मा, विकास यादव, लियाकत पठान ओ.पी.लोट, प्रवीन पाटिल, घनश्याम तोलानी, रविश जादम, शमा खान, प्रेमलता चौहान, शिखा अग्रवाल, वर्षा सकोरिया, पप्पू खान, अभिषेक मरोलिया सहित अन्य मौजूद थे।



## भाजपा जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्वच्छ भारत दिवस-सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत मां की बगिया में पौधारोपण और 16 वाहनों की रैली के माध्यम से स्वच्छता संदेश दिया गया। वेस्ट टू आर्ट के माध्यम से तैयार सफाई मित्र की आकृति का लोकार्पण भी किया गया। स्वच्छता कर्मियों एवं सहयोगी संस्थाओं का सम्मान भी हुआ। ग्रीन गणेश उत्सव के तहत श्रीआर पंडालों का सम्मान किया गया। निगम द्वारा नेहरू पार्क में स्वच्छ भारत दिवस एवं स्वच्छता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विधायक महेन्द्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, प्रभारी महापौर राजेन्द्र राठौर अभिषेक शर्मा 'बबलू',नंदकिशोर पहाड़िया, मनोज मिश्रा एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल, अपर आयुक्त प्रखर सिंह, कार्यपालन यंत्री सुमित अस्थाना की उपस्थिति रही।



# कसेरा बाजार स्कूल में जयंती मनाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री कसेरा बाजार विद्या निकेतन में विद्यार्थियों के बीच महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पूजन के साथ जयंती मनाई। संगोष्ठी भी की गई और दोनों महापुरुषों की जीवनी पर विद्यार्थियों को जानकारी भी दी गई। प्राचार्य वर्षा झंवर, उपप्राचार्य नेहा श्रीधर सहित अध्यापक और विद्यार्थी मौजूद थे।

# सर्वोदय स्कूल में रंगोली में दिए संदेश




**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** सर्वोदय बाल विनय मंदिर स्कूल सदर बाजार में विद्यार्थियों के बीच संदेश वाली रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पानी बचाने से लेकर लाइफ और बच्चियों और बच्चों को लेकर भी संदेश दिए गए। साथ ही हरियाली से संबंधित टास्क भी दिया गाय था जिसमें पौधों को बचाना था और विकसित भारत पर भी विद्यार्थियों ने देखते ही देखते निर्धारित समय से पहले रंगोली बनाई। कुछ विद्यार्थियों ने योग आधारित रंगोली भी बनाई थी। विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। उक्त जानकारी प्राचार्य सोनाली दुबे ने दी।

# समाजसेवियों, शिक्षाविदों और इतिहासकारों का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मेव एजुकेशनल वेलफेयर अवेयरनेस ट्रस्ट द्वारा क्रांतिवीर शहीद सआदत खाँ मेवाती गौरव सम्मान अवार्ड से डॉ. सिद्दीक अहमद मेव, नूर अहमद मेव, डॉ. जयदीपसिंह चौहान, नेहरू खान,अख्तर हिंदुस्तानी, सबा खान, हबीब खान, शमशेर खान मेव, जगप्रीत सिंह टुटेजा का सम्मान किया गया। अतिथि पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, शोएब



अख्तर, शौकत अली एवं विशेष अतिथि मदन परमलिया, शफ़ी शेख, असद सर, गुरमीत छाबड़ा, लाखन सिंह थे। अब्दुल रसीद मेव, आसिफ मेव, डॉ. शिद्दिक अहमद मेव, याकूब मेव, अमजद मेव, साजिद मेव, आरिफ राईन, राजा चिश्ती, एन के लोदी, ज़मीर मेव, मुहम्मद शारीब, मो. अयूब मेव सहित अन्य मौजूद थे।



# लायंस ने की गौसेवा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लायंस क्लब ऑफ इंदौर सिटी द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत अहिल्या माता गौशाला में गौसेवा की। गौ पूजन, गौ आरती के बाद प्रसादी कराई गई। उक्त जानकारी दिनेश रणधर ने दी।



# आज घरों में गजलक्ष्मी पूजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सिंधी समाज सहित अन्य समाज के श्रद्धालु आज घरों में गजलक्ष्मी पूजन कर रहे हैं। गज पर आई महालक्ष्मी का पूजन कर आशीर्वाद लिया जा रहा है।

# खंडेलवाल का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** करीब एक दर्जन से अधिक संस्थाओं से जुडे गौभक्त समाजसेवी कैलाश खंडेलवाल का 75 वर्ष आयु पूर्ण होने पर हिंदी साहित्य समिति में सम्मान कर मालवी पगडी पहनाई गई। वरिष्ठ नागरिक विचार मंच के बैनरतले हुए आयोजन में डॉ. डी.के. तनेजा, मुरली खंडेलवाल ने सम्मान किया। कई संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।



# टेस्कटाइल ट्रेड फेयर का समापन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्रीमंत महाराजा तुकोजीराव क्लॉथ मार्केट में 28 सितम्बर से आयोजित पांच दिवसीय 'इंदौर टेक्सटाइल ट्रेड फेयर' का समापन हुआ। देशभर से आए थोक व्यापारियों ने हिस्सा लिया हिस्सा, पांच दिनों तक रहा व्यापारिक उत्साह। डेली ड्रॉ में कई क्रेता व्यापारी बने विजेता। 7 अक्टूबर को होगा 351 उपहारों का मुख्य बम्पर ड्रॉ। आयोजन से रजनीश चौरडिया, कैलाश मूंगड़,




मनोज नीमा, राजेश नाहटा सहित अन्य पदाधिकारी और व्यापारी जुडे रहे। फेयर के दौरान एम.टी. क्लॉथ मार्केट परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा, भव्य तोरण द्वारों तथा पोस्टर-बैनरों से सजाया गया। आयोजन को लेकर बाजार के करीब 1500 थोक प्रतिष्ठानों, दलालों और एजेंटों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

# रामद्वारा से निकली भागवत के पहले शोभायात्रा

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** रामद्वारा छत्रीबाग में हर्षराम महाराज के श्रीमुख से कथा का शुभारंभ हुआ उसके पूर्व शोभायात्रा निकाली गई। जंय सोनी, रामसहाय विजयवर्गीय, भुरा पहलवान,



रामनिवास मोड,वासुदेव सोलंकी,श्याम भूतड़ा ,किरण अग्रवाल, अंजु चौहान आदि उपस्थित रहे। कथा प्रति दिन दोपहर 2 से 6 बजे तक होगी।

# इंश्योरेंस फेडरेशन ने मनाया स्थापना दिवस

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के





सदस्यों ने स्थापना दिवस मनाया साथ ही अपनी मांगो के लिए प्रदर्शन किया। बटेश्वरनाथ सिंह, सुनील तिवारी, सुभाष खंडेलवाल, निर्मल माखीजा, शिव प्रताप यादव राधेश्याम सोलंकी दिनेश कुशवाहा देवकीनंदन पटवा गोरखनाथ कदम राज बहादुर यादव प्रकाश पुरोहित देवेंद्र भट्ट सी ए बी के मनीष जैन गोपाल वाकोडे, छोटे लाल यादव मौजूद थे।

# सकल गुर्जर समाज की वार्षिक सभा में समीक्षा बैठक

**इंदौर।** सकल गुर्जर समाज महासभा मध्यप्रदेश द्वारा प्रीतमलाल दुआ सभागृह, में वार्षिक सभा एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से संगठन के पदाधिकारी, क्षेत्रीय समितियों के अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। शिक्षा, संगठन और सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने का लिया संकल्प; विवाह समारोहों में डीजे बंद करने और प्री-वेडिंग शूट से परहेज की



अपील भी की गई। इस दौरान अम्बाराम कराड़ा, बेनीराम सेठ, रामकृष्ण दुगाया रघुवीर पटेल, आरबी बांके, डॉ. मनोज गुर्जर, भगवानसिंह गुर्जर, ए.डी. पाटिल, मनोहर सिंह कराड़ा, शकुंतला गुर्जर, डॉ. हरेसिंह मंडलोई, रामनिवास गुर्जर, एडवोकेट आर.के. यादव, मोहनलाल माल्या , नरेन्द्र पटेल , विजय चौधरी, मनोहर गुर्जर, दयाराम जी पटेल, रामसिंह गुर्जर उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य शिविर में हुई हृदय, आंख और कैंसर की जांच

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सेवा संकल्प अभियान के तहत फूटी कोठी मेन रोड स्थित जेटीपी हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें 172 लोगों ने हृदय, आंख और कैंसर सहित विभिन्न गंभीर बीमारियों की जांच कराई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को जांच के साथ आवश्यक



परामर्श भी दिया। आंखों की जांच के बाद जरूरतमंद लोगों को चश्मे भी वितरित किए गए। वहीं, मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था भी की जाएगी। इस दौरान जूही पुष्पमित्र भार्गव, राकेश शुक्ला, सुमित मिश्रा, रितेश शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




# एजेन्ट फेडरेशन का स्थापना दिवस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ़ इंडिया का स्थापना दिवस कल इन्दौर डिवीजन द्वारा रीगल तिराहा गांधी प्रतिमा पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर बटेश्वरनाथ सिंह, डीएस शुक्ला, पवनकुमार जैन, प्रकाशचंद्र ओझा, सुभाष ख़ंडेलवाल, गोरखनाथ कदम, निर्मल मखीजा, संजय जाटव, गोपाल वाकोरे, राकेश केशवाल, दिनेश कुशवाह, देवकीनंदन पटवा, प्रकाश पुरोहित मौजूद थे।

# आज हनुमान अंश सुनील लोधी का लाइव कॉन्सर्ट

## नीना देवी की स्मृति में सम्मान और बाल रामायण फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।




इंदौर महानगर अग्रवाल वैश्य संगठन द्वारा अग्रसेन जयंती अवसर पर आज शाम 6 बजे से बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में आयोजन किया जाएगा। सागर के प्रसिद्ध हनुमान स्वर कलाकार सुनील लोधी द्वारा लाइव कॉन्सर्ट प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें भक्ति भजनों और हनुमान चालीसा की विशेष प्रस्तुति होगी। इनका भजन मैने तेरे ही भरोसे हनुमान सागर में नैया डार दई इन दिनों सोशल मीडिया पर सर्वाधिक ट्रेंड कर रहा है, साथ ही बॉलीवुड फेम आयुषी देशमुख वृंदावन के राधाकृष्ण रास की प्रस्तुति रॉक बैंड के साथ देंगी। आयोजक समिति के प्रमुख अमिताभ स्वाति सिंघल ने बताया कि इस आयोजन को नीना देवी अग्रवाल एवं रमेशचंद्र अग्रवाल की स्मृति को समर्पित किया गया है। आयोजन में भक्ति, सेवा और संस्कार के मूल्यों को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखा गया है। समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 16 कार्यकर्ताओं सुभाष गुप्ता, राजेश अग्रवाल लालजी, अजय मधु अग्रवाल, कैलाश गोयल, किशोर लोलांशी, संतोष गर्ग, पंकज अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, दीपिका आशीष पोद्दार, शिवनारायण लीला अग्रवाल, नेहा रितुराज गोयल, पूजा गर्ग, हिमांशु कोहली को सम्मानित किया जाएगा। नारी शक्ति सम्मान मिसेज एशिया पेसिफिक वर्ल्ड 26 अपूर्वा वैद्य, मिसेज इंडिया यूनिवर्स 20 जयश्री मालविया, नेशनल बेस्ट टीचर अवॉर्ड प्राप्त भूमिका राणे को दिया जाएगा। छोटे-छोटे बाल कलाकार राम, लक्ष्मण, हनुमान, सीता और अन्य पौराणिक पात्रों की वेशभूषा में भाग लेंगे। सभी प्रतिभागी हनुमान चालीसा सामूहिक पाठ के लिए मंच पर मौजूद रहेंगे। भजन गायक सुनील लोधी हनुमान अंश वालों का आज इंदौर में पहली बार लाइव कॉन्सर्ट होगा। कार्यक्रम से अमिताभ-स्वाति सिंघल, दिलीप-कविता गर्ग, बिंदु-विनोद अग्रवाल, गोविंद-महिमा गर्ग ने बताया कि समाज के वरिष्ठजन कार्यक्रम के अतिथि होंगे जिनमें विनोद अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल, पवन सिंघानिया, टीकमचंद गर्ग, निपुण गर्ग, महेन्द्र अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, महेश मित्तल, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, एडीएम रिंकेश वैश्य, संपादक अमित मंडलोई, राजेश चेलावत,मो शमीम प्रमुख है।

# 45 जैन बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



क़ेशरी वाटिका बिजासन रोड पर चातुर्मास में जहां सुबह गच्छाधिपति विजय नित्यसेन सूरीश्वरजी महाराजा एवं मुनि भगवंतों का सानिध्य मिल रहा है। आशीर्वचन भी प्रवचन के रूप में हो रहे है। श्री राजेंद्र जयंत जैन धार्मिक पाठशाला, राजेंद्र उपाश्रय, जूनी कसेरा बाखल के बच्चों द्वारा गुरु स्तुति एवं वीतराग सिद्धांतों पर आधारित भव्य प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातः स्मरणीय दादा गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्र सूरीश्वरजी महाराजा के द्विशताब्दी जन्म वर्ष के निमित्त दादा गुरुदेव को समर्पित इस विशेष प्रस्तुति में 45 बच्चों ने सहभागिता की। सपना संघवी का निर्देशन और संचालन मिला। कार्यक्रम के पश्चात मुनिराज विद्वतरत्न विजयजी म.सा. का प्रेरक उद्बोधन हुआ। आज महिला परिषद् का महाकुंभ और कल नवयुवक परिषद् का महाकुंभ श्री केशरी वाटिका में हो रहा है। सम्बंधित समाजजन बाहर से इन्दौर पहुंचे भी है और कुछ पहुंच भी रहे है। मीडिया समन्वयक राजेश जैन युवा ने बताया कि अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन 26 वर्षों के अंतराल के बाद इंदौर में आयोजित हो रहा है। इसके साथ ही महिला, बहू, बालिका एवं तरुण परिषद के राष्ट्रीय सम्मेलन भी इसी श्रृंखला में आयोजित किए जा रहे हैं।

# अग्रवाल पंचायत का 10 दिवसीय आयोजन शुरू

## बच्चों और महिलाओं के लिए विभिन्न स्पर्धा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री मालवा मिल अग्रवाल पंचायत द्वारा 10 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ मातृशक्तियों और युवतियों एवं बच्चों की मौजूदगी में अलग-अलग स्पधाओं के साथ किया गया। महिला और युवा संगठन का भी आयोजन में साथ रहेगा। चित्र एवं



ध्वजा पूजन किया गया। बाबूलाल मित्तल, गोविन्द गर्ग, सुशील अग्रवाल, गोविन्द गोयल, मोनिका पोद्दार, निमिष मंगल, विजित अग्रवाल, अमित मंगल, अजय गोयल, सुभाष अग्रवाल, कल्याण अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, नरेश मित्तल, सतीश मंगल मनोहर अग्रवाल, गोविन्द रामजीलाल गोयल, सावित्री मित्तल, शैली अग्रवाल,प्रवीण अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विनय गुप्ता, मयंक अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, शुभ अग्रवाल, उत्तम गोयल, पल्लव गोयल, नमन मित्तल, अमन अग्रवाल, नरेश मित्तल उपस्थित थे।

# विद्युत मंडल के अधिकारी-कर्मचारियों के बच्चे बने प्रतिभागी



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बच्चों के लिए ऊर्जा संरक्षण विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अधिकारी गजरा मेहता की मौजूदगी में निर्णायक एकता मेहता, अंकित हार्डिया रहे।



# साध्वी कुमुदलता म.सा. ने जल संरक्षण पर दिया प्रवचन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नरसिंह वाटिका बिजासन रोड पर साध्वी कुमुदलताजी महाराज के चातुर्मास प्रवचन चल रहे है। उन्होने कहा कि जल है तो कल है: पानी का दुरुपयोग रोका नहीं तो भविष्य में जल के लिए संघर्ष होंगे। जल संरक्षण का संदेश दिया। पानी जीवन का आधार है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को इसकी एक-एक बूंद बचाने का प्रयास करना चाहिए। साध्वी ने गांधी जयंती पर कल महात्मा गांधी के जीवन पर भी प्रवचन दिए।




# नहाय-खाय से जितिया महाव्रत की शुरुआत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संतान की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना के साथ सैकड़ों मैथिल एवं पूर्वोत्तर समाज की महिलाओं ने कल नहाय-खाय की परंपरा के साथ जितिया (जीवित्पुत्रिका) महाव्रत की शुरुआत की। व्रती महिलाओं ने स्नान आदि कर शुद्धता के साथ सात्विक भोजन ग्रहण किया। मैथिल समाज की महिलाओं ने भगवान जीमूतवाहन की पूजा-अर्चना की। मिथिला की परंपरा के अनुसार झिमनी (तोरई) के पत्ते पर सरसों का तेल और खैर यानी सरसों की खल्ली अर्पित की गई। इसके बाद चूड़ा-दही और मिष्ठान का भोग लगाया गया तथा प्रसाद परिवार के सदस्यों में वितरित किया गया। नहाय-खाय के अवसर पर शाम को मैथिल परिवारों में पारंपरिक भोजन तैयार किया गया। कई परिवारों में मरुआ (रागी) की रोटी के साथ मछली बनाई गई। वहीं वैष्णव परंपरा का पालन करने वाली महिलाओं ने झिमनी की सब्जी और नोनी के साग के साथ मरुआ की रोटी ग्रहण की। आज माताओं ने जितिया का निर्जला व्रत रखा है। आज सुबह उठकर स्नान और नित्यकर्म से निवृत्त होने के बाद पूजा-अर्चना कर व्रत का संकल्प लिया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार निर्जला व्रत के दौरान अन्न और जल का सेवन नहीं किया जाता।

# पत्रकारिता महोत्सव में बाहर से भी आए पत्रकार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।स्टेट प्रेस क्लब म.प्र. द्वारा आयोजित तीन दिवसीय भारतीय पत्रकारिता महोत्सव का जाल सभागृह में शुभारम्भ कल हुआ। पहले दिन ही दिन बड़ी संख्या में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडियाकर्मी जुटे। देशभर के अलावा विदेश से भी विद्वान और 150 से अधिक मीडियाकर्मी शामिल हुए। प्रदेश के 12 वरिष्ठ पत्रकार सप्तऋषि राज्य पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित हुए।



# 44 साल पुराने छात्रों का मिलन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सैफी हायर सेकेंडरी स्कूल बैच 72 का रियूनियन मीट मिलन समारोह छतरी वाला फार्म हाउस बिजलपुर पर आयोजित किया गया। पुराने दिनों को याद किया गया। अतिथि शहीद मेजर हमजा आरिफ का परिवार रहा। आशिक देवासवाला, मोहम्मद छतरीवाला, हातिम रस्सी वाला, जोएब दीवानजी, शब्बीर कांचवाला, अब्बास लेमन वाला मौजूद थे।

# निगमकर्मियों की मनमानी: कचरा गाड़ियों पर नहीं कर रहे ड्यूटी, मैन्युअल लगा रहे अटेंडेंस

**55 करोड़ बकाया डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शुल्क वसूली के लिए की गई थी नियुक्ति**

## नेताओं के यहां थे निगम के 88 कर्मचारी अटैच, नहीं साबित हो पा रही थी उपयोगिता

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नगर निगम में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन शुल्क की वसूली के लिए तैनात किए गए 88 कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। निगम को शहरभर से करीब 55 करोड़ रुपए कचरा शुल्क की वसूली करनी है। इसी उद्देश्य से निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर अलग-अलग स्थानों पर अटैच कर्मचारियों को चिन्हित किया गया और उन्हें फील्ड में भेजने की योजना बनाई गई।

### दो सप्ताह पहले लगाई ड्यूटी

करीब दो सप्ताह पहले राजस्व विभाग के अपर आयुक्त आकाश सिंह ने इन कर्मचारियों की ड्यूटी अलग-अलग जोन में चलने वाली डोर-टू-डोर कचरा गाड़ियों के साथ लगाई थी। कर्मचारियों को घर-घर जाकर बकाया कचरा शुल्क की जानकारी देने, भुगतान के लिए तकादा करने और डोर-टू-डोर कलेक्शन का सर्वे करने की जिम्मेदारी दी गई। शहर के 22 जोन कार्यालयों के अंतर्गत 85 वार्डों में इनकी तैनाती की गई।

### जोन पहुंच रहे, फील्ड में नहीं

निगम से जुड़े सूत्रों के अनुसार, कई कर्मचारी जोन कार्यालय तो पहुंच रहे हैं, लेकिन कचरा गाड़ियों के साथ फील्ड में नहीं जा रहे। कुछ कर्मचारियों के केवल अटेंडेंस लगाकर जोन से गायब होने की शिकायत भी सामने आई है। ऑनलाइन अटेंडेंस अनिवार्य होने के बावजूद कुछ कर्मचारियों की मैन्युअल उपस्थिति दर्ज होने की बात कही जा रही है।

### रसूखदारों के कार्यालय में अटैचमेंट

सूत्रों का दावा है कि कुछ कर्मचारी अब भी प्रभावशाली नेताओं के कार्यालयों में अटैच होकर काम कर रहे हैं। ऐसे कर्मचारियों के वास्तविक कार्यस्थल और फील्ड में पहुंचने की जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी नहीं मिल रही है।

### 5 बिंदुओं में पूरा मामला

88 कर्मचारी चिन्हित — अलग-अलग स्थानों पर अटैच कर्मचारियों को फील्ड ड्यूटी के लिए चिन्हित किया गया।

55 करोड़ की वसूली — निगम को शहरभर से डोर-टू-डोर कचरा शुल्क की बड़ी राशि वसूलनी है।

85 वार्डों में ड्यूटी — 22 जोन कार्यालयों के अंतर्गत कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई।

अटेंडेंस पर सवाल — ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद मैन्युअल अटेंडेंस की शिकायत सामने आई है।

### औचक निरीक्षण होगा

निगम आयुक्त स्तर से उपस्थिति और फील्ड ड्यूटी की निगरानी की तैयारी है।

लापरवाही मिली तो कार्रवाई

निगम अब इन कर्मचारियों की उपस्थिति की निगरानी सख्ती से करने की तैयारी में है। आयुक्त स्तर से अटेंडेंस की मॉनिटरिंग के साथ औचक निरीक्षण किए जाएंगे। यदि कर्मचारी निर्धारित कार्यस्थल पर अनुपस्थित पाए जाते हैं तो नियमों के तहत निलंबन से लेकर सेवा समाप्ति जैसी कार्रवाई की जा सकती है।

# माता वैष्णो देवी के भक्तों को नवरात्रि में मिल सकती है स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** आगामी त्योहारी सीजन और 11 अक्टूबर 2026 से शुरू होने वाले नवरात्रि पर्व को देखते हुए रेलवे स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन का संचालन शुरू कर सकता है। इसके लिए पश्चिम रेलवे ने प्रस्ताव तैयार कर रेलवे बोर्ड के पास मंजूरी के लिए भेज रखा है। जहां से अब जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके बाद यह ट्रेन बुधवार को महू से जबकि गुरुवार को श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा तक चलाई जा सकती है। जिसका फायदा यह होगा कि नवरात्रि के दौरान मालवा एक्सप्रेस का लोड कम होगा। साथ ही साथ नवरात्रि के दिनों में ज्यादा से ज्यादा भक्त माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए कंफर्म सीट के साथ माता की यात्रा बिना किसी परेशानी के पूरी कर सकेंगे।

**विशेष किराए के साथ चलेंगी स्पेशल ट्रेन-** बताया जा रहा है कि इस विशेष ट्रेन का संचालन विशेष किराए के साथ होगा। ट्रेन के प्रस्ताव के अनुसार यह अक्टूम्बर के पहले सप्ताह से दिसंबर के आखिरी सप्ताह तक चलाई जा सकती है। दोनों ओर से ट्रेन 19-19 ट्रिप लगाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार जल्द ट्रेन को मंजूरी मिलने की संभावनाएं हैं।

**इस रूट से चलेंगी स्पेशल ट्रेन-** यह ट्रेन इंदौर से लेकर देवास, उज्जैन, मक्सी, शुजालपुर, सीहोर, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा, हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली, सोनीपत, पानीपत, अंबाला, लुधियाना, पठानकोट, जम्मू तवी होते हुए श्री माता वैष्णो देवी कटरा पहुंचेगी।

09321 : महू से ट्रेन बुधवार सुबह 10.30 बजे रवाना होकर 10.55 बजे इंदौर आएगी। यह ट्रेन अगले दिन शाम 6.00 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटरा पहुंचेगी।

09322 : श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा से ट्रेन गुरुवार रात 10.00 बजे रवाना होकर शनिवार सुबह 5.50 बजे इंदौर आएगी और 6.50 बजे महू पहुंचेगी।

बता दें कि, ट्रेन 20 कोच से चलाने की तैयारी है। जबकि इसके अलावा ट्रेन का मेंटेनेंस महू में होगा। कहा जा रहा है कि जल्द आने वाले दिनों में ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा। हालांकि रेलवे की ओर से अधिकृत रूप से इसको लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# मिलेगी तीन मंजिला नए स्कूल भवन की सौगात

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 50 के अंतर्गत पिपलियाहाना ग्रामीण क्षेत्र में लंबे समय के बाद क्षेत्र के जरूरतमंद मध्यवर्गीय परिवार के छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के लिए दुर्गा माता मंदिर के सामने सालों पुराने जर्जर स्कूल इमारत की जगह अब बेहद जल्द नई चमचमाती स्कूल बिल्डिंग की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर इन दिनों यहां दिन-रात बेहद तेजी के साथ काम चल रहा है। क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन ने बताया लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से विधायक महेंद्र हार्डिया और महापौर पुष्यमित्र भार्गव के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्र के 400 से ज्यादा बालक - बालिकाओं को इसी साल दिवाली से पहले तीन मंजिला आधुनिक सुविधाओं वाले शासकीय स्कूल भवन की सौगात मिलने वाली है।



खास बात यह है कि क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन द्वारा क्षेत्र के रहवासियों और विद्यालय प्रबंधन के साथ बच्चों की मांग पर पिछले साल अपने वार्ड 50 के पिपलियाहाना ग्रामीण क्षेत्र में विधायक और महापौर के सहयोग से लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से सालों पुराने जर्जर हालत के स्कूल भवन को तोड़कर उसकी जगह नए आधुनिक शासकीय विद्यालय भवन निर्माण की शुरूआत की थी। वहीं अब तीन मंजिला आधुनिक स्कूल बिल्डिंग का निर्माण कार्य वर्तमान में अंतिम चरण में है। यहां तीन मंजिला भवन में दर्जन भर से ज्यादा नए स्मार्ट क्लासरूम तैयार किए जा रहे है। इसके अलावा आधुनिक लैब और स्मार्ट प्रोजेक्टर से पढ़ाई के लिए कमरों को इस तरह से तैयार किया जा रहा है जहां प्रॉपर वेंटिलेशन व्यवस्था और सुरक्षा इस तरह से हो कि निजी स्कूल से बेहतर शिक्षा आधुनिक संसाधनों के साथ शासकीय स्कूल में बच्चों को मिले। इसको लेकर विद्यालय प्रबंधन के साथ निगम के शाला प्रकोष्ठ के अधिकारियों के साथ बैठाकर लगातार बिल्डिंग निर्माण का कार्य करवाया जा रहा है। वर्तमान में 80 फ़ीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। वही अब दिवाली से पहले बचे काम भी पूरे करने के प्रयास किया जा रहे हैं। ताकि जल्द छात्रों को इसी साल नए स्कूल भवन की सौगात मिल जाए।

# भारत गैस के नए फाइबर कॉम्बो जिप प्लास्टिक सिलेंडर की लगातार बढ़ रही डिमांड

***लाइट वैट 10 किलोग्राम गैस क्षमता वाला सिलेंडर उठाने में भी बेहद आसान***

### नए कनेक्शन के साथ हाथों हाथ मिल रहा नया फाइबर बॉडी सिलेंडर

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** इन दिनों शहर में भारत गैस का लाइट वेट नवीन कॉम्बो जिप फाइबर कंपोजिट मैटेरियल से बने सिलेंडर की लगातार डिमांड बढ़ती जा रही है। जिसकी खासियत यह है कि नया लाइटवेट कंपोजिट फाइबर मटेरियल से बना सिलेंडर वजन में कम होने से उठाने में हल्का है और अब इसका इस्तेमाल भी बेहद आसान हो गया है। 10 किलो गैस क्षमता के साथ नए कनेक्शन लेने पर कस्टमर को भारत गैस द्वारा हाथों-हाथ नया प्लास्टिक फायबर बॉडी सिलेंडर दिया जा रहा है। जबकि वर्तमान में सिर्फ भारत गैस द्वारा ही अपने कस्टमरों को नए कनेक्शन के साथ भारी भरकम लोहे के सिलेंडर की जगह नया फायबर बॉडी का लाइटवेट सिलेंडर दिया जा रहा है। जबकि एचपी और इंडियन में तो नया कनेक्शन देना भी अभी बंद कर रखा है। यही नहीं इन दोनों कंपनियों ने अभी नया लाइट वेट प्लास्टिक बॉडी सिलेंडर देना भी शुरू नहीं किया है। इंदौर शहर में वर्तमान में केवल भारत गैस द्वारा ही नया लाइटवेट प्लास्टिक बॉडी सिलेंडर गाहकों को नए कनेक्शन के साथ हाथों - हाथ दिया जा रहा है।

### सिलेंडर की मुख्य विशेषताएं

वजन में यह 50% तक हल्का है। दरसअल यह फाइबर कंपोजिट मटेरियल से बना है, जिससे इसका वजन सिलेंडर की तुलना में आधा होता है और इसे उठाना या एक जगह से दूसरी जगह ले जाना भी अब बेहद आसान रहेगा।

### पारदर्शी बॉडी, बाहर से ही देख सकते है कितनी बची गैस

इसकी दूसरी बड़ी खासियत यह है कि सिलेंडर की पारदर्शी बॉडी सिलेंडर सेमी-ट्रांसपेरेंट है, यानी आप बाहर से ही देख सकते हैं कि सिलेंडर में कितनी गैस बची है। इससे अचानक गैस खत्म होने की टेंशन नहीं रहेगी।



### जंग-मुक्त और सुरक्षित

इसमें जंग भी नहीं लगता, जिससे आपकी रसोई का फर्श साफ रहता है। साथ ही, यह पूरी तरह से ब्लास्ट-प्रूफ डिज़ाइन के साथ बनाया गया है।

### इंस्टेंट कनेक्शन और एक्सप्रेस डिलीवरी

इस योजना के तहत नया कनेक्शन बेहद आसान प्रक्रिया के साथ तुरंत मिल रहा है और बुकिंग के महज कुछ ही घंटों (एक्सप्रेस डिलीवरी) के भीतर सिलेंडर आपके घर पहुंचाया जा रहा है। साथ ही नए कनेक्शन के साथ हाथों हाथ नया प्लास्टिक बॉडी फाइबर मटेरियल से बना सिलेंडर 10 किलोग्राम गैस क्षमता वाला ग्राहकों को नए कनेक्शन के साथ भारत गैस कंपनी द्वारा दिया जा रहा है।

### नया कनेक्शन और कीमत (अनुमानित) नए ग्राहकों के लिए

जो लोग नया कनेक्शन ले रहे हैं, उनके लिए इस योजना (गैस, सिलेंडर, रेगुलेटर और कनेक्शन फीस मिलाकर) की शुरुआती कीमत करीब 4,812 तय की गई है। इसमें सिर्फ सिलेंडर के लिए 2,500 का सिक्योरिटी डिपॉजिट शामिल है।

### पुराने ग्राहकों के लिए

भारत गैस के मौजूदा ग्राहक भी अपना पुराना सिलेंडर बदलकर यह नया लाइटवेट सिलेंडर ले सकते हैं, जिसके लिए उन्हें करीब 300 रु. का अतिरिक्त सिक्योरिटी डिपॉजिट देना होगा।

### रिफिल (गैस) की कीमत

इस 10 किलो सिलेंडर में गैस रीफिल कराने का खर्च 14.2 किलो वाले सामान्य सिलेंडर से कम होता है, जो अलग-अलग शहरों के अनुसार लगभग 600 से 700 के बीच बैठता है।

### छोटे परिवार और स्टूडेंट के लिए ज्यादा फायदेमंद

यह सिलेंडर विशेष रूप से छोटे परिवारों, छात्रों, वर्किंग प्रोफेशनल्स और किराए पर रहने वाले लोगों के लिए एक बेहतरीन और सुविधाजनक विकल्प है। आप अपने नजदीकी भारत गैस वितरक या हैलो बीपीसीएल ऐप के माध्यम से इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

## संपादकीय

# विकास के चमकते आंकड़ों के पीछे भूख और बीमारी से जूझते आदिवासी बच्चे

मध्य प्रदेश के बालाघाट में आदिवासी बच्चों की लगातार मौत की खबरों ने कुपोषण, दूषित पानी और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव पर सवाल खड़े किए हैं। विकास के दावों के बीच गरीब आदिवासी परिवारों की जमीनी स्थिति पर उठते गंभीर सवाल। अर्थव्यवस्था के आंकड़ों का हवाला देकर दिखाए जाने वाले विकास के सपने जब जमीनी हकीकत की कसौटी पर आंके जाते हैं, तब तस्वीर कई बार वही नहीं होती, जो बताई जाती है। जिस दौर में देश के दुनिया भर में चौथी अर्थव्यवस्था बन जाने के दावे किए जा रहे हैं, उसी समय ऐसी खबरें आईने की तरह सामने आ जाती हैं, जिनमें सबसे गरीब तबकों के बच्चे पेट भरने लायक खाना नहीं मिल पाने की वजह से कमजोर और बीमार होते हैं तथा इलाज के अभाव में दम तोड़ देते हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से मध्य प्रदेश के बालाघाट इलाके में लगातार आदिवासी बच्चों की मौत की खबरें आ रही हैं, लेकिन अब भी सरकार इसे गंभीरता से लेने को तैयार नहीं है। दरअसल, मई में ही वहां से बच्चों की मौत की खबरें आने लगीं, उसके बाद भी सरकारी तंत्र में कोई फिक्र नहीं देखी गई। मगर जब बच्चों की मौत का सिलसिला लगातार जारी रहा और सरकारी आंकड़ों के मुताबिक मरने वाले बच्चों की संख्या बत्तीस पहुंच गई, तो अब विपक्षी दल भी चिंता जताते हुए यह पूछ रहे हैं कि वहां सरकार कहां है! सवाल है कि क्या इतनी संख्या में बच्चों की मौत से विचलित होना सरकार को इसलिए जरूरी नहीं लगा कि वे बेहद गरीब और आदिवासी समुदाय से आते थे! वरना क्या कारण है कि आए दिन सरकार की ओर से नई स्वास्थ्य योजनाओं के तहत आम नागरिकों को मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया कराने का दावा तो किया जाता है, मगर दूसरी ओर सिर्फ उपचार के अभाव में बच्चों के मरने का सिलसिला जारी रहता है। इसी तरह, मुफ्त अनाज उपलब्ध करा कर कुपोषण दूर करने या किसी को भूखे पेट न मरने देने के दावे अब एक सामान्य-सी बात है, लेकिन सच्चाई यह है कि देश में आज भी बड़ी संख्या में लोग कुपोषण की वजह से ही कई गंभीर बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। बालाघाट में जिन बच्चों की मौत की खबरें आईं, उसके पीछे दूषित पानी, कुपोषण और इलाज का अभाव जैसे कारण बताए गए हैं। क्या सरकार को कभी यह सोचने की जरूरत पड़ती है कि हर मोर्चे पर विकास के चमकते आंकड़ों के बरक्स गरीब आदिवासी परिवार और उनके बच्चे कुपोषण तथा बीमारी के दुश्चक्र में क्यों दम तोड़ रहे हैं?

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 150000 | 149550 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 223600 | 223600 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा धुंधरू

# बुजुर्ग महिला के गले से झपट्टा मारकर उड़ा ले गए सोने की चेन

## उषा नगर एक्सटेंशन की घटना, बिना नंबर की एक्टिवा से आए थे दो बदमाश

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र अंतर्गत उषा नगर एक्सटेंशन में दिनदहाड़े महिला सुरक्षा को चुनौती देती स्नैचिंग की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। घर के पास से गुजर रही एक 69 वर्षीय बुजुर्ग महिला को निशाना बनाते हुए बिना नंबर की स्कूटी से आए दो शातिर बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके गले से सोने की चेन छीन ली और पलक झपकते ही रफूचक्कर हो गए। पीड़िता की शिकायत पर अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

पुलिस के अनुसार, तुलसी अपार्टमेंट उषा नगर एक्सटेंशन निवासी 69 वर्षीय शकुंतला दोशी पति रवीन्द्र कुमार ने अन्नपूर्णा थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। फरियादी बुजुर्ग महिला ने बताया कि वह अपने घर के पास उषा नगर एक्सटेंशन में मौजूद थीं, तभी बिना नंबर प्लेट की सफेद एक्टिवा सवार दो अज्ञात युवक उनके करीब पहुंचे। इससे पहले कि महिला कुछ समझ पातीं, एक्टिवा पर पीछे बैठे युवक ने, जिसने लाल रंग की टी-शर्ट पहन रखी थी, तेजी से महिला के गले में पहनी हुई पुरानी इस्तेमाल की सोने की चेन पर झपट्टा मार दिया। झटका देकर चेन तोड़ते ही चालक ने एक्टिवा की रफ्तार बढ़ाई और दोनों बदमाश तेजी से मौके से भाग निकले। अचानक हुए इस हमले से बुजुर्ग महिला बदहवास हो गईं और उन्होंने शोर भी मचाया, लेकिन तब तक आरोपी ओझल हो चुके थे। अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है और बदमाशों की पहचान के लिए घटनास्थल व आसपास के रास्तों के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

# सिगरेट लाने से मना करने पर युवक पर चाकू से हमला

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के परिवहन नगर में मामूली बात को लेकर बदमाशों की दबंगई और चाकूबाजी का मामला सामने आया है। आरोपी द्वारा सिगरेट लाने की बात पर मना करने से बौखलाए बदमाश ने अपने भाई और साथी को बुलाकर फरियादी पर चाकू से हमला कर दिया। पेट व शरीर पर चाकू लगने से पीड़ित लहूलुहान हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकियां देते हुए मौके से भाग निकले। पीड़ित की शिकायत पर द्वारकापुरी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**परिवहन नगर होटल के सामने की घटना**

पुलिस के अनुसार, ऋषि पैलेस कॉलोनी निवासी मोनू पिता गयाप्रसाद साहू ने द्वारकापुरी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी मोनू ने बताया कि वह परिवहन नगर स्थित एक होटल के सामने मौजूद था, तभी वहां रहने वाला आरोपी अरुण पहुंचा और फरियादी को अपने लिए सिगरेट लाकर देने के लिए कहने लगा। जब फरियादी मोनू ने सिगरेट लाकर देने से साफ इंकार कर दिया, तो आरोपी अरुण आगबबूला हो गया और विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी अरुण ने तुरंत अपने भाई अंकुर दोनों निवासी विदुर नगर और अपने एक अन्य साथी को मौके पर बुला लिया। तीनों ने मिलकर फरियादी को घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपियों ने अपने पास रखा धारदार चाकू निकाला और फरियादी मोनू पर वार कर दिया। चाकू लगने से फरियादी को गंभीर चोट आई और तेज खून बहने लगा। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# मकान से 15 लाख के अवैध पटाखे जब्त

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। आगामी त्योहारों के मद्देनजर अवैध पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे चैकिंग अभियान के तहत आजाद नगर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने पालदा नाका क्षेत्र स्थित एक मकान पर दबिश देकर बिना अनुमति और सुरक्षा मानकों के अवैध रूप से रखे गए पटाखों का विशाल जखीरा बरामद किया है। मौके से पुलिस ने मकान मालिक को गिरफ्तार कर करीब 15 लाख रुपये मूल्य के कुल 69 कार्टून पटाखे जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ बीएसएन और विस्फोटक अधिनियम की गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**मकान मालिक गिरफ्तार, 69 कार्टून में भरी थी विस्फोटक सामग्री**

आजाद नगर थाना पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि पालदा नाका क्षेत्र में एक रिहायशी मकान के भीतर भारी मात्रा में अवैध पटाखों का भंडारण करके रखा गया है, जिससे किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत बताए गए ठिकाने पर छापा मारा। तलाशी लेने पर मकान के भीतर से पटाखों से भरे 69 बड़े कार्टून बरामद हुए, जिनके भंडारण के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या अनुमति दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। जब्त किए गए पटाखों की कुल अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से ही अवैध भंडारण करने वाले मकान मालिक आरोपी किशन उर्फ कृष्ण गोपाल खण्डेलवाल पिता सीताराम खण्डेलवाल, निवासी पालदा नाका को हिरासत में ले लिया। आरोपी का यह कृत्य मानव जीवन और जनसुरक्षा को खतरे में डालने वाला पाए जाने पर उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 223 (ए) एवं धारा 9 (ख) विस्फोटक अधिनियम 1884 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आजाद नगर थाना पुलिस ने सभी 69 कार्टून पटाखों को ज़ब्ती पत्रक के अनुसार विधिवत जब्त कर लिया है और आरोपी से पटाखों की खरीदी-बिक्री तथा सप्लाई चेन के संबंध में आगे की पूछताछ की जा रही है।

# निर्माणाधीन मकान को चोरों ने बनाया निशाना 60 हजार का सामान ले उड़े

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। क्षिप्रा थाना क्षेत्र की डॉल्फिन सिटी कॉलोनी में चोरी का मामला सामने आया है, जहां अज्ञात बदमाशों ने एक निर्माणाधीन मकान में सेंधमारी कर हजारों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

शिप्रा पुलिस के अनुसार, वारदात बजरंग पालिया स्थित डॉल्फिन सिटी कॉलोनी की है। फरियादी ज्योति पति महेंद्र सिंह चंद्रावत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके निर्माणाधीन मकान में काम चल रहा था। इसी दौरान मौका पाकर अज्ञात चोर घर में घुसे और वहां रखा मॉड्यूलर किचन का कीमती सामान, पानी की मोटर और रेस्टोरेंट में इस्तेमाल होने वाला फर्नीचर समेटकर रफूचक्कर हो गए। चोरी गए कुल सामान की कीमत करीब 60 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस आसपास के इलाकों में संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

# बदनाम करने के लिए सोशल मिडिया पर पोस्ट डालने वालों पर केस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सोशल मीडिया के जरिए महिलाओं और नागरिकों की निजता पर हमला कर उन्हें बदनाम करने के दो अलग-अलग मामले महू और चंद्रावतीगंज थाना क्षेत्र में सामने आए हैं। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

महू थाना क्षेत्र की न्यू कॉलोनी कोदरिया निवासी 26 वर्षीय विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी संदीप पिता धर्मराज कौशल उसकी इंस्टाग्राम आईडी पर अश्लील व आपत्तिजनक मैसेज भेज रहा था। आरोपी पीड़िता का मोबाइल नंबर हासिल कर जबरन बात करने का दबाव बना रहा था। विरोध करने और बात करने से मना करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। महू पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। दूसरा मामला चंद्रावतीगंज का है, जहाँ 35 वर्षीय युवक ने अपनी और अपने परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल करने की साजिश की रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मोबाइल धारक गोयल पिता देवी सिंह और निर्भय सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों ने युवक की इंस्टाग्राम आईडी पर आपत्तिजनक मैसेज पोस्ट कर पूरे परिवार को नीचा दिखाने का प्रयास किया था।

# अभिषेक शर्मा की 20 गेंदों पर फिफ्टी

## भारत का स्कोर 100 के करीब, बैकफुट पर पाकिस्तान

**निशिन (जापान).एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच शनि?वार (3 अक्टूबर) को एश?ियन गेम्स 2026 का गोल्ड मेडल मैच है। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा। इस मुकाबले की अपडेट और स्कोरकार्ड के के लिए इस पेज को र?िफ्रेश करते रहें।

एशियन गेम्स 2026 के मेन्स क्रिकेट फाइनल में भारत और पाकिस्तान आमने-सामने हैं। भारत ने सेमीफाइनल में श्रीलंका को 124 रन से हराया, जबकि पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 6 व?िकेट से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। मुकाबले में टॉस भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया है। अभिषेक शर्मा और श्रेयस अय्यर क्रीज पर हैं।

मुकाबला शनि?वार (3 अक्टूबर) को न?िश?िन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में है। इस मुकाबले की अपडेट और स्कोरकार्ड के के लिए इस पेज को र?िफ्रेश करते रहें। हम लगातार इस पेज को र?िफ्रेश कर रहे हैं।

### एशियन गेम्स क्रिकेट फाइनल में सामने PAK, गोल्ड के लिए टीम इंडिया का प्लान तैयार

भारत की नजर अपने खिताब का बचाव करने पर है, जबकि



पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट में एशियन गेम्स का अपना पहला गोल्ड जीतना चाहेगा। वहीं क्रिकेट का ब्रॉन्ज मेडल शनि?वार को हुआ, जिसे श्रीलंका की टीम ने 63 रनों से जीता और बांग्लादेश को मात दी।

### ऐसी रही है भारत की बल्लेबाजी

भारतीय टीम को वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक शर्मा ने तूफानी शुरुआत दी। हालांकि वैभव अपनी इनिंग्स को ज्यादा बड़ा नहीं कर पाए। वैभव को सैम अयूब ने विकेटकीपर उस्मान खान के हाथों कैच आउट कराया। वैभव ने 2 छक्के की मदद से 9 बॉल पर 15 रन बनाए। वैभव के आउट होने के समय स्कोर 28/1 था। संजू सैमसन ने इस मैच में भी निराश किया और 2 रनों के निजी स्कोर पर अहमद दानियाल का शिकार बने। इसी बीच भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ने 20 गेंदों में हाफ सेंचुरी पूरी की। जो उनका इस फॉर्मेट में 13वां पचासा रहा।

### कैसी है प्लेइंग 11

भारत और पाकिस्तान दोनों ने अपने-अपने सेमीफाइनल जीते हैं। ऐसे में फाइनल में दोनों टीमों ने अपनी प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किए। दोनों ही टीमों ने ओल्ड फॉर्मूला अपनाया। एश?ियन गेम्स फाइनल में टीम इंड?िया की प्लेइंग 11: वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), ईशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई और जसप्रीत बुमराह।

एश?ियन गेम्स के फाइनल में पाकिस्तान की प्लेइंग 11: साहिबजादा फरहान (कप्तान), सैम अयूब, उस्मान खान (विकेटकीपर), माज सदाकत, हसन नवाज, अब्दुल समद, अराफात मिन्हास, अहमद दानियाल, मोहम्मद वसीम जूनियर, अबरार अहमद और सुफियान मुकीम।

### भारत-पाकिस्तान का हालिया रिकॉर्ड

दोनों टीमों के बीच पिछले 5 मुकाबलों में भारत का पलड़ा भारी रहा है। भारत ने 15 फरवरी 2026 को 61 रन से जीत दर्ज की थी।

## मेजबान कॉलेज ने जीती पुरुष बैडमिंटन स्पर्धा

**इन्दौर।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग,भोपाल और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर की सीधी संभाग स्तरीय अंतरमहाविद्यालयीन पुरुष बैडमिंटन टूर्नामेंट में मेजबान महाराजा रणजीतसिंह कॉलेज विजयी रहा। आयोजक महाविद्यालय ने फायनल में गुजराती इनोवेटिव कॉलेज को 3-2 से पराजित कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। महाराजा रणजीतसिंह कॉलेज के बैडमिंटन खिलाड़ी आदित्योम जोशी, आर्यन केशरी, भौमिक पाठक, मानस श्रीमाली और आदित्य कुशवाह ने श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा किया। ज्ञातव्य है कि महाराजा रणजीतसिंह कॉलेज गत तीन वर्षों से बैडमिंटन में विजेता रहा है। समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ.सुधीरा चंदेल, सी.बी. होलकर, सतविंदर सिंह, डॉ.आनंद निघोजकर, डॉ.इरा बापना, डॉ.अनिल गुप्ता ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी, मैडल के साथ प्रमाण पत्र वितरित किए। इस टूर्नामेंट इंदौर संभाग के में कुल 25 महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया। अतिथियों का स्वागत सतविंदर सिंह, डॉ.आनंद निघोजकर, डॉ.इरा बापना, डॉ.अनिल गुप्ता ने किया।

# इंस्टाग्राम पोस्ट के शक में युवक की पिटाई

### कार में तोड़फोड़,सरपंच प्रतिनिधि सहित 4 पर केस दर्ज

**इंदौर।** सांवेर थाना क्षेत्र के ग्राम हांसाखेड़ी में सोशल मीडिया पोस्ट के शक में एक युवक के साथ मारपीट और उसकी कार में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सरपंच प्रतिनिधि समेत चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी श्याम आंजना निवासी हांसाखेड़ी की रिपोर्ट पर आरोपी बहादुरसिंह आंजना, सरपंच प्रतिनिधि सुमित आंजना और सुमित के ससुराल पक्ष के अजय व लखन निवासी नवेली, उज्जैन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी सुमित आंजना के परिवार पर किसी ने इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक कमेंट किया था। आरोपियों को फरियादी श्याम और गांव के एक अन्य लड़के पर कमेंट करने का शक था। इसी रंजिश में आरोपियों ने श्याम के साथ गाली-गलौज व मारपीट की और उसकी कार में तोड़फोड़ कर दी। वारदात का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। थाने में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने डीआईजी के जन विश्वास शिविर में गुहार लगाई थी, जिसके बाद पुलिस ने हरकत में आते ही आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गोम्मटगिरि में कल होगी सामूहिक क्षमावाणी

**इंदौर सिटी ब्लास्ट।** श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र, गोम्मटगिरि इंदौर में रविवार, 4 अक्टूबर को सामूहिक क्षमावाणी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाजजन आपसी गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम, मैत्री, सद्भाव और भाईचारे के साथ एक-दूसरे से क्षमा याचना करेंगे। सायं 5 बजे भगवान श्रीजी का कलशाभिषेक किया जाएगा। अभिषेक के पश्चात सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था रहेगी।

# 430 खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ मध्य प्रदेश राज्य सीनियर फीडे रेटिंग शतरंज स्पर्धा का शुभारंभ

**इंदौर।** मध्य प्रदेश राज्य सीनियर फीडे रेटिंग शतरंज चैंपियनशिप 2026 का भव्य शुभारंभ मध्य प्रदेश शतरंज संघ के सचिव कपिल सक्सेना एवं सह सचिव विपिन लूणावत एवं राजेश बहादुर की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ । प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 430 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं । इस अवसर पर अतिथियों द्वारा ट्रॉफी अनावरण एवं शतरंज शाला (प्रशिक्षण केंद्र) का भी उद्घाटन किया गया ।

शुभारंभ अवसर पर मेजबान वैष्णव स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से वैष्णव ग्रुप के ट्रस्टी देवेंद्र मुछाल, विष्णु पसारी, मनीष बाहेती, वीरेंद्र



मुछाल एवं कॉलेज के डायरेक्टर जॉर्ज थॉमस उपस्थित रहे वहीं आयोजन समिति की ओर से कमल वर्मा, गजानन उंडे, टी. आर. सिलावट, विनोद गोसर एवं सचिव सुनील सोनी मौजूद रहे । अतिथियों का स्वागत अजय सोनी, योगेश मोहिते, आकांक्षा आस्तिक एवं हिमांशु गायकवाड द्वारा किया गया । 8 राउंड्स की इस तीन दिवसीय राज्य स्तरीय चयन स्पर्धा में प्रदेश के 12 खिताब प्राप्त खिलाड़ी तथा 102 अंतरराष्ट्रीय फीडे रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं । प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, रतलाम, सागर, खंडवा, विदिशा, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, शहडोल, दमोह, बड़वानी, मंदसौर, देवास, खरगोन, अलीराजपुर सहित मध्य प्रदेश के लगभग सभी जिलों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं ।

## बिजली खपत पर सितम्बर में पड़ा गर्मी का असर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सितंबर माह में कई दिन तापमान ज्यादा रहा, इसी के चलते गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष सितंबर में बिजली मांग अधिक बनी रही। बीते माह शहर में 32 करोड़ 30 लाख यूनिट से ज्यादा बिजली वितरण हुआ। मनेंद्र गर्ग ने बताया कि शहर में सितंबर में कुछ दिन अधिकतम मांग 550 मैगावाट के करीब दर्ज हुई, वहीं एक ही दिन में अधिकतम बिजली खपत 1 करोड़ बीस लाख यूनिट भी दर्ज हुई। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि शहर के पांचों बिजली संभाग अंतर्गत 35 जोन के माध्यम से 8 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली प्रदाय की जा रही हैं, वहीं बिजली कंपनी की लाइनों, ग्रिडों, ट्रांसफार्मरों इत्यादि के मेंटेनेंस के साथ ही अन्य शासकीय विभागों के कार्य या विकास कार्यों के चलते प्लान शटडाउन की सूचना उपभोक्ताओं को समय पर विभिन्न माध्यमों से दी जा रही है।

# अखिल भारतीय हैंडबॉल प्रतियोगिता प्रारंभ देशभर से आए 400 खिलाड़ी कर रहे शिरकत

**इंदौर।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के तत्वाधान में अखिल भारतीय हैंडबॉल प्रतियोगिता–2026 का आयोजन केशव विद्यापीठ, इंदौर में किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश के 8 क्षेत्रों के विभिन्न प्रांतों से लगभग 400 खिलाड़ी, कोच सहभागिता कर रहे हैं।



प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन समारोह केशव विद्यापीठ, इंदौर के खेल परिसर में गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि आनंद गंगराडे रहे । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मीना चौहान सब इंस्पेक्टर, इंदौर, विशेष अतिथि-दुर्गसिंह राजपूत उपस्थित रहे। साथ ही मनीष वाजपेयी, अखिल भारतीय हैंडबॉल प्रतियोगिता संयोजक, सत्यनारायण लोवंशी , डॉ. कमल किशोर चितलांग्या तथा विष्णु नारोलिया सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन समारोह में अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना एवं राष्ट्रभावना के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण का प्रभावी साधन भी है।

# सिंधी पंचायत और लायंस कल लगाएंगे स्वास्थ्य शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जेकब आबाद जिला सिंधी पंचायत द्वारा लायंस क्लब आफ इंदौर और यूनिक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन कल 4 अक्टूबर रविवार को जेकब आबाद भवन पलसीकर कालोनी में सुबह से आयोजित होगा। राजा मांधवानी, सच्चानंद वाधवानी, डॉ कुंदन बागजाई, संजय कालरा, नरेश मनकानी, जयपालदास बजाज, राकेश पंजवानी, नंदलाल झामवानी, मंशाराम राजानी. किशोर जैवानी. सच्चानंद कामोरा, कमल वरदानी, राजेन्द्र सचदेव, मुकेश सचदेव, डॉ. लाल थदानी, कमल कस्तूरी, डॉ. जयकुमार परियानी सहित आयोजन से जुडे है।

## सिंधी समाज कर रहा है महालक्ष्मी जी का पूजन

**इंदौर।** सिंधी समाज आज महालक्ष्मीजी का पूजन कर रहा है। भारतीय सिंधु सभा महिला शाखा की महामंत्री चांदनी नरेश फुंदवानी ने बताया कि कल ही बाजारों से ऐरावत की मूर्ति और पूजन सामगी लाई गई थी। आज सिंधी बाहुल्य क्षेत्र में महालक्ष्मीजी का पूजन किया जा रहा है।

# युवा तिरंदाज कुमकुम ने जीता गोल्ड, एशियन गेम्स में ऐतिहासिक रिकॉर्ड

**नई दिल्ली ।** एशियन गेम्स 2026 में भारत की 17 वर्षीय युवा तीरंदाज कुमकुम मोहद ने इतिहास रच दिया है। महिला व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा के बेहद उतार-चढ़ाव और रोमांच से भरे फाइनल मुकाबले में कुमकुम ने दक्षिण कोरिया की दिग्गज तीरंदाज ओह येजिन को शूट-ऑफ में पछाड़कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। एशियन गेम्स के इतिहास में यह पहला मौका है जब भारत ने महिला व्यक्तिगत रिकर्व तीरंदाजी में गोल्ड मेडल जीता है। इसके साथ ही मौजूदा एशियाई खेलों में कुमकुम का यह दूसरा स्वर्ण पदक है जबकि भारतीय तीरंदाजों का इस साल यह 5वां गोल्ड रहा।

## शुरुआती सेट में पिछड़ने के बाद की शानदार वापसी

गोल्ड मेडल मुकाबले की शुरुआत भारतीय तीरंदाज के लिए आसान नहीं रही। दक्षिण कोरिया की ओह येजिन ने पहला सेट 29-27 से जीतकर बढ़त बनाई। इसके बाद दूसरे सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और सेट 29-29 से बराबर रहा जिससे कुमकुम 1-3 से



पिछड़ गईं। हालांकि, दबाव के बावजूद 17 साल की कुमकुम ने हिम्मत नहीं हारी और तीसरे सेट में लगातार तीन परफेक्ट 10 लगाकर शानदार वापसी की और मुकाबले को 3-3 से बराबर कर दिया।

चौथे सेट में एक 8 के स्कोर के कारण कुमकुम को सेट गंवाना पड़ा और वह 3-5 से पीछे हो गईं। अब पांचवां सेट कुमकुम के लिए करो या मरो का बन चुका था। यहां भारतीय सनसनी ने अपने अदम्य साहस और सटीक निशानेबाज़ी का मुजाहिरा करते हुए पांचवां सेट जीता और मुकाबले का स्कोर 5-5 से बराबर कर लाइव मैच को शूट-ऑफ में धकेल दिया।

### *शूट-ऑफ में परफेक्ट 10 से रचा इतिहास*

*शूट-ऑफ में गोल्ड मेडल का फैसला केवल एक-एक तीर से होना था। दबाव के इस पल में दक्षिण कोरिया की ओह येजिन चूक गईं और केवल 8 का स्कोर ही कर सकीं। इसके ठीक बाद कुमकुम मोहद ने बिना किसी झिझक के सटीक निशाना साधते हुए परफेक्ट 10 जड़ा और भारत को ऐतिहासिक स्वर्ण पदक दिला दिया। पहले ही लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुकीं कुमकुम की इस अविश्वसनीय खिताबी जीत से पूरे देश में खुशी की लहर है।*

# गोल्ड जीतने वाली बेटियों को बड़ा तोहफा

## हाकी इंडिया ने खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ के लिए कैश अवॉर्ड का ऐलान किया




**नई दिल्ली ।** भारत ने एशियन गेम्स 2027 के महिला हॉकी इवेंट का गोल्ड मेडल जीत लिया है। फाइनल में भारत का सामना चीन से हुआ। भारतीय टीम के लिए लालरेम्सियामी के दसवें मिनट में मैच का एकमात्र गोल दागा। इसके साथ ही पेनल्टी स्ट्रोक पर गोलकीपर सविता पूनिया के शानदार बचाव के दम पर गत चैंपियन चीन को 1-0 से हरा दिया। भारतीय महिला हॉकी टीम ने 44 साल बाद एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीता और इसके साथ ही टीम ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिये क्वालीफाई कर लिया।

हॉकी इंडिया ने गोल्ड मेडल जीतने वाली महिला टीम की प्रत्येक खिलाड़ी के लिए 11-11 लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ के लिए 5.5-5.5 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। हॉकी इंडिया ने पुरस्कार की घोषणा करते हुए कहा, 'एशियाई खेलों गत चैम्पियन चीन को हराकर 44 साल बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला टीम की प्रत्येक खिलाड़ी को 11-11 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही सहयोगी स्टाफ के प्रत्येक सदस्य को भी साढ़े पांच लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।'

**1982 में आखिरी बार महिला हॉकी में मिला था गोल्ड**

इससे पहले भारतीय महिला हॉकी टीम ने 1982 में दिल्ली में हुए एशियन खेलों में स्वर्ण जीता था जब पहली बार महिला हॉकी को इन खेलों में शामिल किया गया था। दूसरे क्वार्टर में चीन ने वापसी करने की कोशिश की और आक्रामक खेल दिखाया। चीन को जल्द ही पेनल्टी स्ट्रोक मिला, लेकिन सविता पूनिया ने दमदार बचाव करते हुए चीन को बराबरी करने से रोक दिया। हालांकि, इसके बावजूद चीन का आक्रामक खेल लगातार जारी रहा, लेकिन वह भारतीय टीम के मजबूत डिफेंस को नहीं भेद सके।

तीसरे और चौथे क्वार्टर में भी भारतीय टीम के डिफेंस ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया और चीन को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। तीसरे क्वार्टर में कप्तान सलीमा टेटे के चोटिल होने के बावजूद, भारतीय टीम ने चीन को हावी होने का मौका नहीं दिया। चौथे क्वार्टर में सलीमा मैदान पर वापस लौटीं और उनकी अगुवाई में टीम अपने दबदबे को कायम रखते हुए गोल्ड मेडल जीतने में सफल रही।

# इस बार नहीं दोहरा पाए पिछली बार का प्रदर्शन, कई पदक चूके

**नई दिल्ली ।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ी अब तक 17 गोल्ड मेडल जीत चुके हैं, लेकिन इस दौरान वह 20 गोल्ड गंवा भी दिए हैं, जो पिछली बार जीते थे। हांगझोउ 2023 एशियाड में भारत ने ऐतिहासिक 28 स्वर्ण पदक जीते थे। 3 साल बाद जापान में उन 28 में से 20 गोल्ड पहले ही हाथ से निकल चुके हैं। शूटिंग, एथलेटिक्स, आर्चरी, बैडमिंटन, इक्वेस्ट्रियन, स्क्वैश और टेनिस जैसे खेलों में भारत अपनी पुरानी सफलता को दोहरा नहीं पाया। सबसे चिंताजनक बात व्यक्तिगत इवेंट्स में दिखी। हांगझोउ में भारत ने शूटिंग, एथलेटिक्स और आर्चरी में कुल 9 व्यक्तिगत गोल्ड जीते थे। इनमें से एक भी दोबारा नहीं जीत पाया है। कई इवेंट्स में तो भारत फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाया।

## 2023 एशियाड में भारत का प्रदर्शन

28 गोल्ड, 38 सिल्वर, 40 ब्रॉन्ज (कुल 106 पदक)

**शूटिंगः** 7 गोल्ड

एथलेटिक्सः 6 गोल्ड

**आर्चरीः** कंपाउंड के सभी 5 गोल्ड

आइची-नागोया में अब तक भारत ने 17 गोल्ड जीते हैं। बॉक्सिंग और कुश्ती में खिलाड़ी एकल मेडल जीते हैं, लेकिन शूटिंग और आर्चरी में इंडिविजुएल गोल्ड मेडलिस्ट की संख्या कम है। पुरुष और महिला कबड्डी, कंपाउंड आर्चरी के तीन टीम इवेंट्स, महिला क्रिकेट में भारत गोल्ड मेडल का बचाव करने में सफल रहा है। इसके बाद बॉक्सिंग में एक दिन के अंदर 3 गोल्ड मिलने से भारत की स्थिति पदक तालिका में थोड़ी बेहतर हुई है।

## शूटिंग में हाथ लगी निराशा

भारत ने शूटिंग के सारे 7 गोल्ड और एथलेटिक्स के सारे 6 गोल्ड गंवा दिए गए। आर्चरी में भी गोल्ड मेडल का बचाव नहीं हुआ। स्क्वैश, बैडमिंटन में सात्विक-चिराग की टीम, टीम ड्रेसेज और टेनिस मिक्स्ड डबल के गोल्ड मेडल भी इस बार गंवा दिए। भारत का कुल पदक आंकड़ा 75 के पार पहुंच चुका है और देश पांचवें स्थान पर है। हांगझोउ के मुकाबले यह काफी कम है। चीन ने अकेले 162 गोल्ड और कुल 314 पदक जीत लिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि हांगझोउ में मिली सफलता को लंबे समय तक बनाए रखने में भारतीय खेल प्रशासन और सिस्टम नाकाम साबित हो रहा है।

**हॉकी और क्रिकेट में आस–** भारत के पास अभी भी दो बड़े मौके हैं। पुरुष हॉकी टीम सेमीफाइनल में पाकिस्तान को 4-3 से हराकर गोल्ड मेडल मैच में पहुंच गई है। पुरुष क्रिकेट टीम भी फाइनल में है और वहां पाकिस्तान से मुकाबला करेगी। अगर ये दोनों गोल्ड आ गए तो भारत अपने 28 में से 8 गोल्ड मेडल का बचाव करने में सफल रहेगा। हालांकि, इससे हालात नहीं बदलेंगे।



# इंदौर की मुस्कान का चयन

**इंदौर ।** अहमदाबाद में आयोजित होने वाली कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय महिला टीम के चयन शिविर हेतु अमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जारी संभावित खिलाड़ियों की सूची में मध्य प्रदेश की राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी मुस्कान शर्मा का नाम शामिल किया गया है । इंदौर वाण्डरर्स क्लब के महासचिव धनंजय शर्मा ने बताया कि भारतीय टीम के चयन शिविर का आयोजन 9 से 20 अक्टूबर तक अहमदाबाद में होगा । इसके बाद 21 से 30 अक्टूबर तक कॉमनवेल्थ कबड्डी चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी । राइट कवर पोजिशन पर खेलने वाली मुस्कान लगातार अपने प्रदर्शन से प्रदेश की टीम का अहम हिस्सा है और टीम को सफलता दिलाने में बड़ी भूमिका निभा रही है।

# नई टीम की तलाश में अभिषेक, सनराइजर्स हैदराबाद से नाता तोड़ सकते हैं

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2027 से पहले ऐसी खबर आ रही है, जो फैंस को चौंका सकती है। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। पिछले सीजन पैट कमिंस शुरुआती मैचों के लिए उपलब्ध नहीं थे। ऐसे में टीम की कप्तानी ईशान किशन को दे दी गई। अभिषेक शर्मा को यह फैसला पसंद नहीं आया और उसके बाद से वह फ्रेंचाइजी से नाखुश हैं। वह लंबे समय से टीम का हिस्सा रहे हैं और कप्तानी की दौड़ में खुद को मजबूत दावेदार मानते थे।

अभिषेक शर्मा सनराइजर्स हैदराबाद से अलग हो सकते हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स संभावित विकल्पों के तौर पर देखी जा रही हैं। इसके अलावा दिल्ली कैपिटल्स का नाम भी चर्चा में है, क्योंकि अभिषेक के मेंटर युवराज सिंह वहां के सेटअप का हिस्सा हैं। हालांकि अभी तक किसी भी टीम के साथ कोई ठोस बातचीत या डील सामने नहीं आई है।




सूत्र ने कहा, जब से ईशान किशन को सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी मिली है, तब से अभिषेक शर्मा खुश नहीं हैं। वह लंबे समय से इस फ्रेंचाइजी के साथ हैं और कप्तानी करने की इच्छा रखते थे। मुंबई इंडियंस, गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स को संभावित टीमों के तौर पर देखा जा रहा था और हम दिल्ली कैपिटल्स को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते, क्योंकि उनके मेंटर युवराज सिंह अब उस टीम का हिस्सा हैं।

जब इस मामले पर सनराइजर्स हैदराबाद के सीईओ के. शन्मुगम से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने इन खबरों को सही नहीं बताया। वहीं खिलाड़ी के करीबी सूत्रों का भी कहना है कि फिलहाल कोई बड़ा घटनाक्रम नहीं हो रहा है।

अगर अभिषेक एसआरएच से अलग होते भी हैं तो जरूरी नहीं कि उन्हें किसी नई टीम की कप्तानी मिले। सूत्र ने कहा, अभी कप्तानी के ज्यादा मौके नहीं हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स दो विकल्प हैं, लेकिन बाकी ज्यादातर टीमें सेट लग रही हैं। इसलिए अगर एसआरएच और अभिषेक अलग होने पर सहमत भी हो जाते हैं, तो भी बड़ा सवाल यही है कि वे कहां जाएंगे? अगर वे सहमत हो भी जाते हैं, तो हैदराबाद खुद को कैसे पेश करेगा?

# डिवाइडर से टकराई बाइक एमबीए छात्र की मौत

## दोस्तों के साथ घूमने गया था, असंतुलित होकर टकराई गाड़ी, साथी गंभीर घायल

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। सिमरोल थाना क्षेत्र के चौखी ढाणी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एमबीए के छात्र की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोस्तों के साथ चौखी ढाणी घूमने गए छात्रों की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि एक छात्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, रोबोट चौराहा निवासी 21 वर्षीय प्रणव पिता नंदकिशोर अपने साथी दुर्गेश और दानिश के साथ चौखी ढाणी गया हुआ था। तीनों युवक एमबीए के छात्र बताए जा रहे हैं। लौटते समय प्रणव और दुर्गेश एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे। जैसे ही उनकी बाइक सिमरोल थाना क्षेत्र में चौखी ढाणी के समीप पहुंची, तभी तेज रफ्तार वाहन अचानक असंतुलित हो गया और सीधे सड़क के डिवाइडर से जा टकराया। भीषण टक्कर के कारण बाइक सवार दोनों छात्र सड़क पर जा गिरे। हादसे में सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण प्रणव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी दुर्गेश गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे आ रहे साथी दानिश और आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल को अस्पताल पहुंचाया। सिमरोल थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया है और हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

# युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। खजराना थाना क्षेत्र के गांधी ग्राम में एक 24 वर्षीय युवती द्वारा अपने ही घर में फांसी लगाकर जीवनलीला समाप्त करने का मामला सामने आया है। युवती को फंदे पर लटका देख परिजन तुरंत उसे उतारकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। खुदकुशी के स्पष्ट कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। सूचना मिलने पर खजराना थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

गांधी ग्राम खजराना निवासी अजमत अली पिता लियाकत अली (24) ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के भीतर फांसी का फंदा लगा लिया। घटना के वक्त जब परिजनों ने युवती को फंदे से झूलते देखा, तो उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में उसे फंदे से नीचे उतारा गया और तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर खजराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणों का तत्काल पता नहीं चल सका है।



# ड्राई डे पर बेच रहे थे शराब

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आबकारी उपनिरीक्षक आशीष जैन एवं त्रिअंबिका शर्मा के द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम बड़ोदिया करा थाना खुड़ेल में दो स्थानों पर छापेमार कार्यवाही की गई। आरोपी श्रवण पिता जगन्नाथ कुशवाह के आधिपत्य से 120 पाव देसी मदिरा प्लेन एवं 28 केन बोल्ट बियर जप्त की गई। इसी तरह आबकारी विभाग के एक अन्य अमले द्वारा बादशाह ढाबा पर भी कार्यवाही उपरांत ढाबा मालिक प्रशांत कुशवाह के कब्जे से 160 पाव देशी मदिरा प्लेन/मसाला एवं 13 बॉटल बोल्ट बियर जप्त की गई। दोनों प्रकरणों में कुल 72.85 लीटर अवैध मदिरा बरामद हुई जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 30 हजार रुपये से अधिक है। उक्त दोनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। दोनों ही मामलों में ड्राई डे पर शराब बेचने का मामला और अवैध रूप से शराब बेचने का मामला दर्ज किया गया।

# फर्जी बैंक मैनेजर बनकर ठगी करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

## बैंक खाता बंद होने का डर दिखाकर खाली करता था खाते, फ्रॉड ऐप बनाकर भी बेचता था

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**खजराना थाना पुलिस और मुंबई क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए शातिर साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी खुद को एसबीआई, एचडीएफसी और अन्य प्रमुख बैंकों का मैनेजर बताकर लोगों को झांसे में लेता था। आरोपी बैंक खातों की केवाईसी बंद होने का डर दिखाकर और फर्जी ऐप के जरिए लोगों के गाढ़े पसीने की कमाई पर डाका डालता था। संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को इंदौर से धर दबोचा है।**



पुलिस के अनुसार, संयुक्त कार्रवाई के दौरान पकड़ा गया आरोपी पंकज गुप्ता पिता अवधेश गुप्ता मूल रूप से नागदा उज्जैन का निवासी है और वर्तमान में इंदौर के स्कीम नंबर 134 में रह रहा था। आरोपी के खिलाफ मुंबई में साइबर ठगी की शिकायत दर्ज थी, जिसके तार इंदौर से जुड़े पाए गए थे। मुंबई क्राइम ब्रांच की सूचना पर खजराना पुलिस ने स्थानीय स्तर पर मदद मुहैया कराई और आरोपी के ठिकाने पर दबिश देकर उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी पंकज ने साइबर फ्रॉड के चौंकाने वाले तौर-तरीकों का खुलासा किया। आरोपी ने बताया कि वह और उसका गिरोह बैंक ग्राहकों को फोन करके खुद को बैंक मैनेजर बताते थे और उनकी बैंक केवाईसी सस्पेंड या बंद होने का झांसा देते थे। जब लोग उनके झांसे में आ जाते थे, तो आरोपी उन्हें एक क्यूआर कोड भेजकर वेरिफिकेशन के नाम पर महज 5 रुपये डालकर बैलेंस चेक करने को कहते थे। जैसे ही पीड़ित दिए गए लिंक या क्यूआर कोड से बैलेंस चेक करता था, आरोपी उनके खाते का पूरा पैसा उड़ा देते थे। इसके अलावा, आरोपी तकनीकी रूप से दक्ष होने के कारण फर्जी और स्पूफिंग ऐप्स भी खुद डेवलप करता था। वह इन शातिर ऐप्स को अन्य साइबर अपराधियों को बेचता था, जिसका इस्तेमाल कर आम लोगों को गुमराह किया जाता था और साइबर क्राइम की बड़ी वारदातों को अंजाम दिया जाता था। खजराना पुलिस और मुंबई क्राइम ब्रांच आरोपी के पास से बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, मोबाइल फोन और बैंक खातों की पड़ताल कर रही है। आरोपी को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए मुंबई क्राइम ब्रांच के सुपुर्द किया जा रहा है।

# मजदूरी के रुपयों को लेकर भिड़े दो पक्ष

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। सिमरोल थाना क्षेत्र में मजदूरी के पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक हो गया और दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले। इस खूनी संघर्ष में एक नाबालिग लड़के और महिला समेत कुल चार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायत पर एक दूसरे के खिलाफ क्रास केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, पहला केस फरियादी जितेंद्र चौहान पिता तेजराम चौहान की रिपोर्ट पर दर्ज किया गया है। जितेंद्र का आरोप है कि जब उन्होंने मजदूरी के बकाया पैसे मांगे, तो आरोपी विशाल चौहान, रोहित चौहान, रेखाबाई और फुंदाबाई ने बाद में रुपए देने की बात कहकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लट्ठ से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए फरियादी के 17 वर्षीय बेटे दीपेश और पत्नी सीमाबाई के साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं दूसरी तरफ, पुलिस ने रोहित पिता चंदर चौहान की शिकायत पर पलटवार करते हुए जितेंद्र और सीमाबाई के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# चैकिंग पॉइंट पर बैरिकेट तोड़ पुलिसकर्मी पर चढ़ाया पहिया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

संयोगितागंज थाना क्षेत्र के पीसी सेठी अस्पताल के सामने एबी रोड पर तेज रफ्तार और खतरनाक ड्राइविंग कर रहे स्कार्पियो सवार बदमाशों ने चेकिंग पॉइंट पर तैनात पुलिसकर्मी पर गाड़ी चढ़ा दी। आरोपियों ने तेज गति से वाहन चलाकर पहले स्टॉपर में जोरदार टक्कर मारी और फिर शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए जान से मारने की नीयत से ऑन-ड्यूटी पुलिसकर्मी को कुचलने का प्रयास किया। गाड़ी का पहिया पैर पर चढ़ने से पुलिस जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है। पीड़ित पुलिसकर्मी की शिकायत पर संयोगितागंज थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले और सरकारी काम में बाधा डालने सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, पुलिस लाइन सदर बाजार निवासी लाल साहब पिता जानकीलाल जाटव ने संयोगितागंज थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी पुलिसकर्मी लाल साहब ने बताया कि वह एबी रोड स्थित पीसी सेठी अस्पताल के सामने चैकिंग पॉइंट पर ड्यूटी पर तैनात थे। उसी दौरान एक काले रंग की स्कार्पियो के चालक और उसके साथी ने अपने वाहन को अत्यधिक तेज रफ्तार, लापरवाही और खतरनाक तरीके से चलाते हुए चेकिंग पॉइंट की ओर बढ़ाया। पुलिस टीम द्वारा गाड़ी को रोकने का इशारा करने पर बेखौफ स्कार्पियो सवार बदमाशों ने रुकने के बजाय वाहन की रफ्तार और बढ़ा दी। आरोपियों ने चैकिंग पॉइंट पर लगे पुलिस स्टॉपर बैरिकेट को जोरदार टक्कर मारी और सरकारी काम में अड़ंगा डालते हुए जान से मारने की नीयत से फरियादी लाल साहब को टक्कर दे मारी। टक्कर मारने के बाद बदमाशों ने कार का पहिया पुलिसकर्मी के पैर पर चढ़ा दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और आरोपी मौके से गाड़ी लेकर भाग निकले। संयोगितागंज थाना पुलिस ने फरियादी जवान की रिपोर्ट पर स्कार्पियो चालक अनुज मीणा निवासी ग्राम कोलारी, खातेगांव जिला देवास, हाल मुकाम पालदा इंदौर और उसके साथी शिवम निवासी बैरागढ़, भोपाल के खिलाफ बीएनएस की सुसंगत गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है।

## 2 साल से फरार स्थायी वारंटी धराया

इंदौर सिटी ब्लास्ट। गौतमपुरा पुलिस ने दो साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी ईश्वर सिंह पिता कैलाशचंद्र बागड़ी को पकड़ा। थाना प्रभारी अलका मेनिया को मुखबिर से सूचना के बाद उज्जैन जिले से पकड़ा। इसके लिए टीम गठित की गई थी।



स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।